


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 176/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 23 जनवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in


## सेंसेक्स में 200 अंक से ज्यादा की तेजी

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 23 जनवरी को बढ़त देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 100 अंक से ज्यादा की तेजी के साथ 76,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी 50 अंक से ज्यादा की बढ़त है, ये 23,200 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।



शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी और 13 में गिरावट देखने को मिल रही है। आईटी और ऑटो शेयर्स में बढ़त देखने को मिल रही है। वहीं एफएमजीसी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट है।




# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नमन

## संसद के सेंट्रल हॉल में विशेष आयोजन, मोदी ने बच्चों से भी किया संवाद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संसद के सेंट्रल हॉल में विशेष आयोजन हुआ। जिसमें पीएम मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने वहां मौजूद बच्चों से भी संवाद किया। पीएम ने बच्चों के साथ मिलकर जय हिंद के नारे भी लगाए।



इससे पहले सोशल मीडिया पोस्ट में पीएम ने लिखा- भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान अद्वितीय है। वे साहस और धैर्य के प्रतीक थे। उनका विजन हमें प्रेरित करता रहता है क्योंकि हम उनके सपनों के भारत के निर्माण की दिशा में काम करते हैं।

23 जनवरी को शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की भी 99वीं जयंती है। पीएम मोदी, अमित शाह ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आज मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा आदि ने उन्हें नमन किया।

### अहमदाबाद में हिंदू आध्यात्मिक मेले का उद्घाटन

## लोग हिंदू बोलने में झिझकते थे, अब गर्व से कहते हैं- मैं हिंदू हूं: अमित शाह

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 10 दिनों में दूसरी बार यानी 23 जनवरी को अहमदाबाद पहुंचे। यहां जीएमडीसी ग्राउंड में उन्होंने हिंदू आध्यात्मिक मेले के उद्घाटन किया। मेले के उद्घाटन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्य समिति सदस्य सुरेश भैयाजी जोशी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल हैं।



इस मौके पर गृहमंत्री ने कहा- आज देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। नरेंद्र मोदी हमारे प्रधानमंत्री हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार 10 साल से सत्ता में है और 10 साल में इस सरकार ने हमारी विचारधारा, विचारधारा जो कई वर्षों से लंबित थी, उसे पूरा करने का काम किया है। जब किसी को भारत में अपना परिचय देना हो, दिल्ली में अगर कोई कहना चाहे कि मैं हिंदू हूं, या फिर अगर कोई हिंदू बोलना चाहे तो भी इस बात को जुबान पर नहीं आने देता था। लेकिन, अब सभी गर्व से कहते हैं कि मैं हिंदू हूं। 350 साल से अधिक की गुलामी के दौरान भारत के मंदिरों से चुराई गई हमारी मूर्तियों को दुनिया के सामने लाने का कार्यक्रम हो या भारत की संस्कृति को दुनिया के सामने लाने का कार्यक्रम, भाजपा सरकार ने हर बड़े फैसले लिए और उन्हें पूरा किया है।

### भारत कोई नेता नहीं, विश्व गुरु बनेगा

गृहमंत्री ने आगे कहा- अहिंसा के लिए हिंसा का मार्ग अपनाना होगा। आज ऐसे कई संत हैं, जो बिना स्वार्थ के देश की रक्षा कर रहे हैं। शांति का मार्ग सद्भाव से होकर जाता है। भारत के अलावा दुनिया को साथ लेकर चलने वाला और कोई देश नहीं है। हम वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ चलते हैं। भारत विभिन्न विचारों को एक साथ लेकर चलने वाले देश है। इसीलिए भारत कोई नेता नहीं, बल्कि विश्व गुरु बनेगा। हिंदू मानते हैं कि शरीर नाशवान है, लेकिन आत्मा अमर है। जिसे गवाही देते हुए काम करना है। वह हिंदू ही है, जो इस विचारधारा को लेकर चलता है कि हम इस जन्मभूमि में दोबारा जन्म लेते हैं। स्वामी विवेकानन्द ने कहा था, अमृत पुत्र कभी समाप्त नहीं होता। न्याय, सेवा, सहयोग हमारे जीवन के मूल्य हैं। संस्कार हमारे खून में है। सेवा संस्थाएं हिंदू धर्म की ताकत हैं। देश में जगह-जगह हिंदू मेले लग रहे हैं, जो प्रेरणादेय कार्यक्रम है।

### सांध्यप्रकाश विशेष

## विश्व शांति के लिए उज्जैन में अगले महीने होगा 3 दिवसीय वैश्विक यूनाइटेड कॉन्शियसनेस कॉन्क्लेव

### 22 देशों के विशेषज्ञ होंगे शामिल

**भोपाल।** पवित्र शहर और महाकाल की नगरी उज्जैन में 14 से 16 फरवरी 2025 तक तीन दिवसीय वैश्विक यूनाइटेड कॉन्शियसनेस कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में एक चेतना, एक अस्तित्व विषय अंतर्गत 22 से अधिक देशों के विचारक, विद्वान, आध्यात्मिक नेता और जीवन प्रशिक्षक एकजुट होंगे। इस आयोजन का लक्ष्य है कि देश और दुनिया में शांति की संस्कृति स्थापित हो। जिसमें एकता की भावना, कल्याण, सेवा, आध्यात्मिकता और योग, पारिस्थिति, शिक्षा और लोकतंत्र, समावेश और भागीदारी तथा स्थायी अर्थव्यवस्था जैसे विषय शामिल है।



मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी और वैश्विक संयोजक, यूनाइटेड कॉन्शियसनेस डॉ. विक्रांत सिंह तोमर ने बताया कि यह युद्ध का युग नहीं है। हमें एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की बात को आत्मसात करना चाहिए। उज्जैन में होंने वाले इस वैश्विक आयोजन के माध्यम से जी 20 मिशन का पालन करते हुए एक चेतना, एक अस्तित्व को बढ़ावा दिया जाएगा। इस आयोजन में कल्पनाशील व्यक्तित्व, प्रतिष्ठित विद्वान, लेखक, आध्यात्मिक गुरु, जीवन कोच, संगीतकार दुनिया के सभी पंच महाद्वीपों से हिस्सा लेंगे। इस आयोजन में 22 देशों से आ रहे विचारक अपने देश का जल और माटी भी साथ ला रहे है। इस जल से महाकाल का अभिषेक किया जाएगा। मिट्टी से पृथ्वी का निर्माण का प्रधानमंत्री को भेंट की जाएगी। एक-एक इंच की लकड़ी भी सभी ला रहे है इन्हें अग्नि में प्रवाहित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आध्यात्मिक कल्याण और व्यक्तिगत विकास करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर एकता, समझ और करुणा को बढ़ावा देगा। यूनाइटेड कॉन्शियसनेस, योगा विद्या-जर्मनी, यूरोपियन योगा फेडरेशन एवं अक्षरा किड्स अकादमी-उज्जैन द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है।



# गायत्री-गणेश मंदिर फ्लाईओवर का नाम अब अंबेडकर ब्रिज

## भोपाल के सबसे लंबे ब्रिज से गुजरेगा 60 प्रतिशत ट्रैफिक, 30 की बजाय 5 मिनट में तय होगी दूरी

**भोपाल।** राजधानी के सबसे लंबे जीजी (गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक) फ्लाईओवर का आज सीएम डॉ. मोहन यादव ने उद्घाटन किया। सीएम ने ब्रिज का नाम अंबेडकर के नाम पर करने की घोषणा की है। इस पुल से आज से ट्रैफिक की शुरुआत हो गई।

उद्घाटन के बाद सबसे पहले ब्रिज से सीएम का काफिला गुजरा। सीएम खुली जीप में सवार थे। इस ब्रिज से एमपी नगर का 60 प्रतिशत ट्रैफिक यानी 6 हजार गाड़ियां गुजरेंगी। पौने 3 किमी ब्रिज से सिर्फ 5 मिनट में यह दूरी पूरी हो जाएगी, जबकि पहले जाम की वजह से 30 मिनट से अधिक लग जाते थे।






### प्रदेश में पुल, पुलिया और सड़कों के लिए गुजरात मॉडल लागू

अंबेडकर ब्रिज के उद्घाटन कार्यक्रम में सीएम ने घोषणा की कि अब इस ब्रिज का नाम डॉक्टर भीम राव अंबेडकर होगा। इसके अलावा बावड़ियाकला में 180 करोड़ से ब्रिज बनाया जाएगा। इसके साथ ही भोपाल, रायसेन, विदिशा और सीहोर को जोड़कर राजधानी की वृहद योजना ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुल, पुलिया और सड़कों के लिए गुजरात मॉडल लागू करेंगे।

### ट्रैफिक दो भागों में बंटेगा

फ्लाई ओवर दो हिस्सों में बना है। इसमें 2534 मीटर की मुख्य लेन है, जबकि 200 मीटर का थर्ड लेग है। थर्ड लेग यानी गायत्री मंदिर के पास का आखिरी छोर, जहां से फ्लाई ओवर का ट्रैफिक दो भागों में बंटेगा। यहां काम पूरा हो गया है। लाइट की टेस्टिंग हो चुकी है। वहीं, ब्रिज का रंगरोगन भी किया जा चुका है। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के गुजरात दौरे के कारण यह तिथि टालनी पड़ी। इसके बाद तीन जनवरी 2025 को लोकार्पण की नई तिथि तय की गई थी, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन और राष्ट्रीय शोक के चलते इसे फिर स्थगित कर दिया गया।

### जलगांव रेल हादसे पर बड़ा खुलासा

## चाय बेचने वाले की वजह से ट्रेन में फैली आग की अफवाह

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के जलगांव के पास हुए रेल हादसे को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ट्रेन में एक चाय वाले ने आग की अफवाह फैलाई, जिसके कारण लोगों में अफरातफरी सी मच गई और यात्रियों ने चेन पुलिंग की और ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया। इसके बाद यात्री दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में 13 लोगों की जान चली गई।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जलगांव ट्रेन दुर्घटना एक अफवाह के कारण हुई। दरअसल, एक चायवाले ने ट्रेन के अंदर आग लगने की झूठी खबर दी थी, जिससे यात्री घबराए और ट्रेन से कूदने लगे।

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने इस बात का खुलासा करते हुए कहा कि एक चायवाले ने पेंट्री से चिल्लाकर कहा कि ट्रेन के कोच में आग लग गई है। दो यात्री, जो उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती से थे, ने इसे सुना और दूसरों को यह अफवाह फैला दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने कहा कि डरे हुए यात्री खुद को बचाने के लिए ट्रेन से कूद गए। ट्रेन की गति तेज थी, जिससे एक यात्री ने अलार्म चेन खींच दी। जब ट्रेन रुकी, तो लोग उतरने लगे और वे कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई यात्रियों की मौत हो गई और शव क्षत-विक्षत हो गए।

## कैलिफोर्निया में फिर से भड़की आग,10 हजार एकड़ इलाका जला, 50 हजार लोगों को घर छोड़ने का आदेश

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में पिछले कई हफ्तों से लगी आग एक बार फिर भड़क गई है। इस बार लॉस एंजिलिस के उत्तरी इलाके ह्यूजेस में आग लगी है। बुधवार को लगी आग से करीब 10 हजार एकड़ इलाका जल गया है। आग की वजह 50 हजार लोगों को घर छोड़ने को कहा गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, कास्टिक झील के पास लगी इस आग को बुझाने के लिए 4 हजार फायर फाइटर्स को तैनात किया गया है। यहां 48 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही हैं। ष्टहह के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैल रही है कि इससे हर 3 सेकेंड में एक फुटबॉल मैदान के बराबर इलाका जल रहा है।



सैटेलाइट डेटा के मुताबिक स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 10ः45 बजे कास्टिक झील के पास हॉटस्पॉट का पता चला था। इससे पहले लॉस एंजिलिस के आसपास के दक्षिणी जंगलों में 7 जनवरी को आग लगी थी। इसमें 25 लोगों की जान चली गई थी।

## यूपी-राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश की संभावना

### दिल्ली में कोहरे से कई उड़ानों में देरी जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी से सड़कें बंद



**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में बुधवार देर रात हल्की बारिश हुई। इससे गुरुवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ानें देरी से पहुंचीं। मौसम विभाग ने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली में ठंड बढ़ सकती है।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या के साथ-साथ पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी घना कोहरा छाया रहा। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिली हृष्टक्र और उत्तरी राजस्थान में बारिश की संभावना है।

पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में लगातार चौथे दिन भी बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में बारिश भी हो रही है। कुछ जिलों में तापमान में बढ़ोतरी भी हुई। बुधवार को ऊना का टेम्परेचर 25.6एष्ट रहा।

गुरुवार को हिमाचल के 5 जिलों में कोहरे और कोल्ड वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है। 28 तक राज्य में ऐसा मौसम बना रहेगा।

### लाहौल में घटी पर्यटकों की संख्या, अटल टनल खुली

हिमाचल प्रदेश के सोलंगनाला में बर्फ पिघलने और अटल टनल रोहतांग के पार सिस्सू में पर्यटन गतिविधियां बंद होने के चलते अब धीरे-धीरे पर्यटकों को संख्या में कमी आने लगी है। ग्रीन टैक्स बैरियर के आंकड़ों से देखा जाए तो बीते 5 दिनों में कुल 3500 से ज्यादा वाहन ही आए हैं। पिछले सप्ताह वीकेंड के तीन दिनों का यह आंकड़ा पांच हजार वाहनों से ज्यादा था। होटल कारोबारियों के अनुसार अब ऑक्यूपेंसी 80 प्रतिशत से घटकर 50 प्रतिशत रह गई है।

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग, सोनमर्ग, जोजिला पास जैसे ऊंचे इलाकों में मंगलवार को हुई बर्फबारी के कारण गुरेज-बांदीपुरा रोड, सेमथान-किश्तवाड़, मुगल रोड बंद हो गए। यहां बर्फ हटाने का काम जारी है।

यूपी के 40 जिलों में घना कोहरा छाने की संभावना है। साथ ही बारिश भी हो सकती है।

## महाकुंभ में अब तक 9.73 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** त्रिवेणी संगम पर आज 23.22 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। अब तक 9.73 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश सरकार ने यह आंकड़ा जारी किया है। एएनआई ड्रोन कैमरे से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 का विहंगम दृश्य दिखाया गया।



महाकुंभ में देवकीनंदन ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- हमारी बहन-बेटियों को स्कूलों में नचाया जा रहा है। हमारी संस्कृति अभी भी आजाद नहीं है। इस बात को आगे बढ़ाने के लिए हमें सनातन बोर्ड चाहिए। योगीजी और मोदीजी इस कुंभ के यजमान हैं और हमारे साथ मौजूद अखाड़ों के पीठाधीश्वर आचार्य हैं। यजमान बढ़िया है तो दक्षिणा भी अच्छी मिलेगी।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने कहा- हमारा एक ही लक्ष्य है, जो भी छोटे मठ और मंदिर हैं, उनको बचाया जाए। सभी मठ और मंदिरों की सुरक्षा की जाए। सनातन बोर्ड वक्फ बोर्ड की तरह कब्जा नहीं करेगा।

# प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी दृष्टि बदलेंगे तो दृश्य अपने आप बदल जाएंगे : हरि कीर्तन

## लैंगिक विविधता पर संवेदनशीलता-अनटोल्ड स्टोरी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन





**भोपाल।** स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसेज के मनोविज्ञान विभाग ने लैंगिक विविधता पर संवेदनशीलता-अनटोल्ड स्टोरी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें समाज मे एक सामंजस्यपूर्ण वातावरण निर्माण के लिए उठाए जाने वाले कदम के विचार विमर्श हेतु अतिथियों को आमंत्रित किया गया। जिनमें मुख्य रूप से वेणु पिल्लई, हरि कीर्तन, अनुष्का, पार्थ, दीपक, आकांक्षा एवं मंजरी उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने अपने-अपने वक्तव्य पेश किए। हरि कीर्तन ने लैंगिक समुदाय के टाइपोलॉजी के विषय में बात की, वही वेनू पिल्लई ने बताया कि किस तरह से हम ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज की मुख्य धारा में शामिल कर सकते हैं और उसमें हमारा क्या अहम रोल होगा और प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी दृष्टि बदलेंगे तो दृश्य अपने आप बदल जाएंगे। आकांक्षा और मंजरी ने समुदाय पर आधारित रिसर्च के विषय में आंकड़े प्रस्तुत किये, वहीं अनुष्का, दीपक और पार्थ ने उनके अपने व्यक्तिगत जीवन से संबंधित अनुभव सांझा किये। प्राचार्य बी एस एस एस फादर डॉ जॉन पी जे विषय के महत्व के बारे में बात करते हुए कहां की इस गंभीर विषय पर आज के समय में बात करना आवश्यक है। अंत में मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर विनय मिश्रा ने सबका आभार व्यक्त किया।

# ग्रामीण फंदा मंडल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को लेकर रखी बैठक



## मुख्य अतिथि हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने हमारे अटल पुस्तक का किया विमोचन

संत हिरदाराम नगर। भारतीय जनता पार्टी भोपाल ग्रामीण के फंदा मंडल में अटल जन्म शताब्दी वर्ष के निमित्त आगामी कार्यक्रम हमारे अटल सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को लेकर बैठक रखी गई। बैठक में मुख्य रूप से हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा उपस्थित थे।

बैठक में रामेश्वर शर्मा ने स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डाला और हमारे अटल पुस्तक का विमोचन किया। वहीं भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा ने भाजपा संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। भाजपा फंदा मंडल के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष प्रमोद राजपूत का स्वागत किया। इस अवसर पर राजपूत ने कहा कि राष्ट्रचिंतक स्व. अटल बिहारी वाजपेई के राष्ट्रहित के अटल विचारों को युवाओं तक लेकर जाएंगे और उनके द्वारा लिए गए संकल्पो को पूरा करने का काम वर्तमान समय में हमारे प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश सरकार के मुख्य मंत्री मोहन यादव द्वारा किए जा रहे हैं उन कामों को जन-जन तक पहुंचाने काम करेंगे। बैठक में भाजपा फंदा मंडल अध्यक्ष प्रमोद राजपूत ने अटल जन्म शताब्दी के निमित्त आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का विवरण सभी के सम्मुख रखा। इस अवसर पर भाजपा फंदा मंडल के पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र मेवाड़ा, मंडल के पूर्व महामंत्री सत्यनारायण शर्मा, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र नागर एवं भाजपा फंदा मंडल के समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक श्री भगवानदास सबनानी ने मानस भवन में गुड्डू भैया स्मरण मंच द्वारा आयोजित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक स्व. रमेश शर्मा गुड्डू भैया की श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुए एवं चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।



# 51 किलो बूंदी प्रसाद के साथ भगवान श्रीराम का अभिषेक

भोपाल। भगवान श्री राम प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के अवसर पर जवाहर चौक इंदिरा मार्केट पर आज व्यापारियों द्वारा भगवान श्री राम की फोटो पर मालिया अर्पण कर वर्षगांठ बनाई गई साथ ही 51 किलो बूंदी का प्रसाद भी वितरण किया गया आज अध्यक्ष मनोज कुमार बिरहा ने बताया कि भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा 1 साल पहले हुई थी उसी का उत्सव आज जवाहर चौक में मनाया जा रहा है आज इस अवसर पर मनोज कुमार बिरहा मनोज कुमार ने आज प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर समस्त भोपाल प्रदेश और देश के वीडियो कोशुभकामनाएं दी।

# कायस्थम ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर माल्यार्पण किया



**भोपाल।** कायस्थम भोपाल ने आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती पर शिवाजी नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत नमन किया।कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव अभय श्रीवास्तव महासचिव, सह संयोजक संजय खरे, शरद श्रीवास्तव, और अजय श्रीवास्तव ने एक्सीलेंस स्कूल के समीप नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

# चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल गांधी नगर की छात्राओं ने इंटर स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया

**भोपाल।** चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल गांधी नगर की छात्राओं ने टेक्नो इंडिया ग्रुप पब्लिक स्कूल पटेल नगर, रायसेन, भोपाल द्वारा आयोजित इंटर स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया। टेक्नो इंडिया ग्रुप पब्लिक स्कूल, पटेल नगर, रायसेन, भोपाल में आयोजित इंटर स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता में चिल्ड्रेंस होप इंडिया गर्ल्स स्कूल, गांधी नगर, भोपाल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम की इस उपलब्धि के पीछे कोच और शिक्षिका प्रियंका शर्मा का कुशल मार्गदर्शन रहा। विजयी टीम में प्रियांशी सोलंकी कक्षा 7, निशा बंजारा कक्षा 6, आन्या श्रीवास्तव कक्षा 7, हनी विश्वकर्मा कक्षा 7, कनिष्का जैन कक्षा 7, समीक्षा विश्वकर्मा कक्षा 7, जोया शेख कक्षा 7, नैंसी शर्मा कक्षा 7, परि पेमल कक्षा 7, कनक परमार कक्षा 7, आरुषि वर्मा कक्षा 7, महक प्रजापति कक्षा 7, प्रिंसी सनी काले कक्षा 9 की छात्राओं ने अपनी विशेष भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूरी टीम को स्मृति चिन्ह, गोल्ड मेडल और ?3000 की नगद राशि से सम्मानित किया गया। चिल्ड्रेंस होप इंडिया गर्ल्स स्कूल की प्रबंधन समिति के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने विजेता टीम और उनकी कोच को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, प्राचार्य प्रिया जैन शर्मा, कोऑर्डिनेटर लता आसनानी समेत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विजेता टीम को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



# कर्मचारी मंच ने मुख्य सूचना आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के बेनर तले आज राज सूचना आयोग कार्यालय के कर्मचारियों ने दोपहर 1~00 राज सूचना आयोग कार्यालय के सामाने उग्र प्रदर्शन किया तथा राज्य मुख्य सूचना आयुक्त विजय यादव सेवानिवृत्ति आईपीएस को ज्ञापन सोपा मुख्य सूचना आयुक्त ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया है कि ज्ञापन पर विधि संवद कार्यवाही की जाएगी। प्रदर्शन में कर्मचारी मंच के अशोक पांडे राजू सिंह चांद सिंह जगदीश शर्मा भूपेंद्र पांडे रामबाबू सोनी दिनेश पटेल कमलेश गोरे धनराज संतोष पटेल संतोष कुशवाहा सरफराज आदि सैकड़ो कर्मचारी शामिल थे।मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि राज सूचना आयोग में पदस्थ सूचना आयुक्त ओंकारनाथ एवं वंदना गांधी के निवास पर पदस्थ स्थाई कर्मी संतोष पटेल एवं संतोष कुशवाहा को सूचना आयुक्तोंयो द्वारा प्राताडित किया जा रहा है कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है मानव अधिकारों एवं मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है कर्मचारियों को निवास के कार्यालय में पदस्थ कराकार आयुक्तों ओंकारनाथ एवं वंदन गांधी के द्वारा घरेलू कार्य बेगार का कार्य लैट्रिन साफ करना बर्तन साफ करना पोछा लगाने चप्पल साफ करने का कार्य जा रहा है जिस कारणों कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त हो गया है।

# आउट सोर्स कर्मचारियों का कोई भविष्य नही ,सरकार संज्ञान में ले : अनिल वाजपेई

**भोपाल** । आउट सोर्स कर्मचारी महासंघ के प्रांताध्यक्ष अनिल बाजपेई एवं अर्द्ध शासकीय अधिकारी कर्मचारी सार्वजानिक उपक्रम संघ के प्रांताध्यक्ष अरुण वर्मा ने हमीदिया अस्पताल के 400 आउट सोर्स कर्मचारियों की सेवासमाप्ति कड़ा विरोध एवं कड़ी निंदा करते हुए बताया कि जहाँ एक ओर भारी संख्या मे कर्मचारी सेवानिवृत हो रहें हैं वहीं दूसरी ओर आउट सोर्स कर्मचारी दिनरात मेहनत कर शासकीय विभागों निगम मंडलों सहकारी संस्थाओं के संचालन मे रीढ़ की हड्डी का कार्य कर रहें हैं किन्तु आउट सोर्स कर्मचारी को जब चाहे तब किसी भी प्रकार का आरोप लगाकर उन्हे सेवा से हटाया जा रहा है आउट सोर्स कर्मचारियों को श्रमायुक्त के आदेश के तहत वेतन भत्ता बोनस आदि का भुगतान भी नही किया जाता है यदि कोई आउट सोर्स का कर्मचारी इसका विरोध दर्ज कराता है तो उसे नौकरी से निकाल दिया जाता जो कि किसी भी दृष्टि से न्याय संगत नही है ।

# कन्याभोज, ब्राम्हण भोज एवं आम भण्डारा के साथ अखण्ड रामायण पाठ का समापन



**संत हिरदाराम नगर।** सैनिक कॉलोनी स्थित नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर 17 जनवरी से 23 जनवरी तक श्री हनुमान महाराज और श्रीराम दरबार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन चल रहा है। आयोजन के छठवें दिन कन्याभोज, ब्राम्हण भोज एवं आम भण्डारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं मंदिर पर चल रहे अखण्ड रामायण पाठ का महाआरती के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, अनिल मिश्रा उपस्थित थे। पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि 23 जनवरी को सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें कथा वाचक निधि किशोरी दीदी द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। जो शाम 7 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा। भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।

# बीएचईएल के बेहतर भविष्य के लिए जल्द हो कामगारों की भर्ती : रामनारायण गिरी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

ऑल इंडिया बीएचईएल एम्पलाइज यूनियन भोपाल के महासचिव एवं निफ्टू के प्रदेशाध्यक्ष रामनारायण गिरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को बीएचईएल भोपाल के अपर महाप्रबंधक एचआर आईआर आरिफ सिद्दीकी से मिला एवं उनके माध्यम से बीएचईएल के निदेशक मानव संसाधन कृष्ण कुमार ठाकुर को ज्ञापन सौपा। मीडिया प्रभारी आशीष सोनी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम रामनारायण गिरी ने कहा कि बीएचईएल मे लंबे अंतराल से लगभग 10 वर्ष से अधिक समय से आर्टिजन की भर्ती बंद पड़ी है। इस दौरान हमारे बीएचईएल के बहुत से प्रतिभावान कर्मचारी सेवानिवृत हो चुके है और लगातार सेवानिवृत्त होते जा रहे है। नियमित भर्ती न होने का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि प्रतिभावान कर्मचारियों के कौशल का ट्रान्सफर नही हो पा रहा है जिससे धीरे धीरे बीएचईएल में प्रतिभावान कर्मचारियों की कमी होती जाएगी। इसके अतिरिक्त लगातार कम होते कर्मचारियों से संस्थान मे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच का अनुपात भी बिगड़ता जा रहा है। वर्तमान मे बीएचईएल के पास लगभग ?1.70 लाख करोड़ से ज्यादा के ऑर्डर है और जिनका समय पर निष्पादन करना नितांत आवश्यक है इस हेतु प्रशिक्षित मेनपावर की संस्थान में कमी दिखाई दे रही है। हाल ही में प्रबंधन द्वारा अभियंताओ एवं पर्यवेक्षको की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है जबकि संस्थान मे कामगार वर्ग की कमी ज्यादा दिखाई दे रही है। यूनियन आपसे माँग करती है कि बीएचईएल में सभी वर्गों के अनुपात को बनाए रखने के लिए एवं उपलब्ध ऑर्डर को समय पर पूरा करने के लिए अतिशीघ्र नियमित आर्टिजन वर्ग की भर्ती हेतु प्रक्रिया प्रारंभ करें। ज्ञापन देने वाले यूनियन के प्रतिनिधिमंडल में ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉइज यूनियन संबद्ध निफ्टू की ओर से अध्यक्ष सतेंद्र कुमार ,ऐबु के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र दाहट ,उपाध्यक्ष अल्ताफ अंसारी , सचिव दीपक चौरसिया, निफ्टू मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी आशीष सोनी, केंद्रीय सुरक्षा समिति के सदस्य व निफ्टू के राष्ट्रीय सचिव विशाल वाणी एवं नगर सलाहकार समिति के सदस्य धर्मेंद्र कुमार सम्मिलित हुये।



# औद्योगिक गतिविधियों और निवेश के लिए मध्यप्रदेश संभावनाओं का प्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में 24-25 फरवरी को भोपाल में होगी जीआईएस

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 24 और 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटके लिए उद्योग समूहों और निवेशकों को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुणे में हुए इंटरैक्टिव सेशन में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों और निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों और निवेश के लिए मध्यप्रदेश संभावनाओं का प्रदेश है। प्रदेश में वर्ष-2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया है। औद्योगिक विकास की गति को तेज कर प्रदेश को आर्थिक रूप से अधिक उन्नत और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से निवेश-अनुकूल नीतियों, उत्कृष्ट बुनियादी ढाँचे और कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश, अपने प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक स्थलों और विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचे के साथ, निवेशकों के लिए एक आकर्षक केन्द्र के रूप में उभर रहा है। हमारी व्यापारिक राजधानी इंदौर ने स्वयं को स्वच्छता की राजधानी के रूप में भी स्थापित किया है। पीथमपुर और मंडीदीप प्रदेश ही नहीं देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हुए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, खनन, फार्मा, पर्यटन, आईटी,सहित सभी क्षेत्रों में सुगम एवं आकर्षक नीतियां विकसित की गई हैं। राज्य के विभिन्न अंचलों में निवेश प्रोत्साहन के लिए देश के शहरों में जाकर उद्योग समूहों और निवेशकों के साथ इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किये गए हैं। पुणे का सत्र भी इसी क्रम की अगली कड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर इंटरैक्टिव सेशन का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योग जगत को श्रमिक समस्या सहित अन्य कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता। स्वयं के कार्य पर एकाग्रता के साथ ध्यान देना प्रदेशवासियों का विशिष्ट गुण है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का विचार सरकार और समाज में रचा बसा है। सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों से प्रबंधन के वर्तमान दौर में मध्यप्रदेश में उद्योगों का संचालन अधिक सरल और सुगम हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उद्योग समूहों और मध्यप्रदेश के संबंध अधिक प्रगाढ़ होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उद्योगपतियों का देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण योगदान है। यदि सेना का जवान सीमा पर देश की रक्षा करता है तो उद्योगपति अपने कौशल प्रबंधन के आधार पर देश को समर्थ-समृद्ध और वैभवशाली बनाने में अपना योगदान देता है। उद्योग समूह रोजगार उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम हैं।

**मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र का एतिहासिक रूप से रहा है आत्मीय संबंध**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का महाराष्ट्र से दिल का रिश्ता है। पुणे का मौसम मध्यप्रदेश से मिलता-जुलता है। मालवा के सभी देव स्थान महाराष्ट्र के साथ जुड़े हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छत्रपति शिवाजी, सिंधिया, होल्कर, पेशवा का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई ने सुशासन, शौर्य, कौशल संवर्धन के साथ ही धर्म के क्षेत्र में अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किए। पांच जिलों में विस्तारित उनका राज्य देश में सुशासन का आदर्श बना।

### मुख्यमंत्री का उद्योगपतियों से वन-टू-वन संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुणे रोड-शो के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगपतियों से मध्यप्रदेश में निवेश के लिये वन-टू-वन संवाद कर प्रदेश में निवेश के अवसर और संभावनाओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिये दी जा रही सुविधाओं और सहज, सरल, उद्योग नीति की विशेषताओं से उद्योगपतियों को अवगत कराया।

### वरिष्ठ अधिकारियों ने मप्र की खूबियों पर दिया प्रेजेंटेशन

प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन विभाग और एमएसएमई श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह ने एडवांटेज एमपी और राज्य में निवेश के अवसरों पर प्रकाश डाला। अतिरिक्त मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे ने आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम सेक्टर में निवेशकों को राज्य की नीतियों और परियोजनाओं पर प्रेजेंटेशन दिया। एडिशनल मैनेजिंग डायरेक्टर पर्यटन विभाग श्रीमती बिदिशा मुखर्जी पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के अवसरों की जानकारियां दींद्य इस अवसर पर विकसित भारत - विकसित मध्यप्रदेश पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

# एमपीपीएससी में तीसरी बार चुने गए संस्कार, अब बनेंगे डिप्टी कलेक्टर

सौरभ बावरिया मित्र मंडली ने किया भव्य स्वागत




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

लक्ष्य तय कर लगन से मेहनत करने वालों को कदम-कदम पर सफलता मिलती है। परासिया के संस्कार बावरिया इसका उदाहरण है। संस्कार ने तीसरी बार राज्य लोक सेवा आयोग-एमपीपीएसएसी परीक्षा उत्तीर्ण की है। वे पहली प्रयास में मुख्य कार्यपालन अधिकारी-जनपद पंचायत बने, दूसरे प्रयास में वे असफल हुए, तीसरी प्रयास में जिला जेल अधीक्षक बनकर कार्य किया, अब चौथे प्रयास में उनका चयन डिप्टी कलेक्टर पद के लिए हुआ है। परासिया के पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया के छोटे बेटे और सौरभ बावरिया के छोटे भाई संस्कार बावरिया का राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा में लगातार तीसरी बार चयन हुआ है। केन्द्रीय विद्यालय बड़कुही- परासिया से प्राथमिक शिक्षा पाकर संस्कार ने भोपाल से उच्च शिक्षा हासिल की। उन्होंने वर्ष 2018 में पहली बार एमपीपीएससी परीक्षा पास की। रैंकिंग के आधार पर उन्हें जनपद पंचायत सीईओ का पद मिला। वे आमला- बैतूल बैतूल और इंदौर में जनपद पंचायत में सीईओ पदस्थ रहे, सरकारी नौकरी का दायित्व निभाते हुए उन्होंने पढ़ाई जारी रखकर वर्ष 2019 में दूसरी बार परीक्षा दी लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। वर्ष 2020 में तीसरी बार परीक्षा देकर सफलता हासिल की और जिला जेल अधीक्षक पद पर चयन हुआ। शाजापुर जिला जेल में अधीक्षक के रूप में सेवाएं दी। संस्कार यहां भी संतुष्ट नहीं हुए, उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और वर्ष 2022 में चौथी बार एमपीपीएससी परीक्षा में शामिल हुए और इस बार जोरदार सफलता हासिल की। अच्छी रैंक मिलने के कारण वे इस बार डिप्टी कलेक्टर बनेंगे।

### जनपद पंचायत सीईओ और जिला जेल अधीक्षक रह चुके हैं संस्कार बावरिया



# नेताजी को किया नमन

**भोपाल। प्रदेश कांग्रेस के तत्वावधान में आज नेताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर नमन किया। इस मौके पर पीसी शर्मा, अरुण श्रीवास्तव, प्रवीण सक्सेना सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।**

# एम्स में हिंदी कार्यशाला का आयोजन, राजभाषा को प्रोत्साहन देने की पहल

**भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें संस्थान के संकाय सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए प्रो. सिंह ने कहा कि हिंदी में कार्य करने की आदत विकसित करने के लिए इस प्रकार की कार्यशालाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, हमें अपने कार्यों में हिंदी के सरल और प्रचलित शब्दों को अपनाना चाहिए, ताकि भाषा को समझना आसान हो और राजभाषा का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो सके।100 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्साइस कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य संस्थान में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना और राजभाषा नीति को प्रभावी रूप से लागू करना था। ०मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रयास से उच्च माध्यमिक शिक्षकों को समयमान वेतनमान का लाभभोपाल। वर्षों से लंबित उच्च माध्यमिक शिक्षकों के 20 वर्ष और 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर समयमान वेतनमान के आदेश आखिरकार मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रयासों से जारी हो गए।

# सायबर सुरक्षा में प्रशिक्षित युवा सायबर सुरक्षा दूत की तरह कार्य करें: मंत्री निर्मला भूरिया





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सायबर क्राइम आज के दौर का नवीनतम और खतरनाक क्राइम हो गया है। वर्तमान में आधुनिक तकनीक का गलत इस्तेमाल हो रहा है। सायबर क्राइम से बचने का एकमात्र तरीका जागरूकता और सतर्कता है। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया बुधवार को भोपाल के समन्वय भवन में 9वीं नेशनल साइबर साइकोलॉजी क्रॉन्फ्रेंस के एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ पर सम्बोधित कर रही थी। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि म.प्र. राज्य महिला आयोग और रिस्पॉन्सिबल नेटिज्म संस्था मुम्बई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं में साइबर वेलनेस के बारे में जागरूकता एवं सुरक्षित डिजिटल परिदृश्य को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला सायबर अपराधों से समाज को सुरक्षित करने का अभिनव प्रयास है। मोबाईल के बढ़ते उपयोग से लोगों के काम तो आसान हुए है। लेकिन कहीं न कही इससे उनकी सुरक्षा पर भी सवाल खडें हुए है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि महिला बाल विकास विभाग का लक्ष्य बच्चों, युवाओं और महिलाओं को सायबर सुरक्षित बनाना है। इससे न केवल सायबर वेलनेस को बढ़ावा मिलेगा बल्कि युवाओं में ऑनलाइन संकट को रोकने की क्षमता को विकसित किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि युवतियों और महिलाओं के विरूद्ध बढ़ते सायबर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उज्जैन के विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में भारत का पहला सायबर वेलनेस सेल लांच किया गया है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित कॉलेज और स्कूल के विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे प्रदेश के बच्चों की सुरक्षा के लिये सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि इस कान्फ्रेंस के माध्यम से डिजिटल साक्षरता, ऑनलाइन सुरक्षा, सायबर धमकी और ऑनलाइन यौन अपराधों जैसे सायबर खतरों को रोकने के लिये इस सम्मेलन में युवाओं को जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोग पर शिक्षित किया जायेगा। मुम्बई के एथिकेल हैकर और सायबर सेक्यूरटी एक्सपर्ट श्री रिजवान शेख ने बताया कि सायबर क्राइम के जाल से बचने का सबसे सरल समाधान सावधानी बरतना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एआई के माध्यम से डीपफेक जैसे अपराध ज्यादा हो रहे है।

# राजपथ पर दिखेगी मध्यप्रदेश में चीतों की ऐतिहासिक पुनर्स्थापना की झलक

## नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में चीता द प्राइड ऑफ इण्डिया की थीम पर केन्द्रित होगी मध्यप्रदेश की झांकी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड-2025 में मध्यप्रदेश की झाँकी चीता द प्राइड ऑफ इण्डिया'की थीम पर केन्द्रित होगी। झाँकी में मध्यप्रदेश में चीतों की ऐतिहासिक पुनर्स्थापना की झलक दिखेगी। भारत से 70 वर्ष पूर्व चीते विलुप्त हो चुके थे, भारत में चीतों की वापसी का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज़न को जाता है। प्रदेश में चीता परियोजना की सफलता के साथ अब मध्यप्रदेश टाइगर स्टेट और चीता स्टेट भी बन गया है। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में कूनो नदी के किनारे स्थित राष्ट्रीय कूनो अभयारण्य देश में चीतों का एक नया घर है। अभयारण्य में चीतों के लिये उचित आहार और प्राकृतिक आवास मौजूद हैं। पुनर्स्थापना की सफल परियोजना के परिणाम स्वरूप कूनो में वयस्क और शावक सहित कुल 24 चीते अभयारण्य में विचरण कर रहे हैं। प्रस्तुत झाँकी में भारत में चीतों के सफल पुनर्स्थापन को दर्शाया गया है। अग्रभाग में कूनो राष्ट्रीय उद्यान के वयस्क चीतों का जोड़ा और कूनो में जन्मे नन्हें चीता शावकों को दर्शाया गया है। झाँकी के मध्य भाग में बहती हुई कूनो नदी और इसके आसपास राष्ट्रीय उद्यान के वनावरण एवं प्राकृतिक आवास में विचरण करते हुए वन्य-जीव, जिनमें हिरण, बंदर, पक्षी और चीते उनकी बढ़ती हुई संख्या के साथ जैव-विविधता के लिये एक आदर्श के रूप में कूनो अभयारण्य को दर्शाया गया है। झाँकी के मध्य भाग के पिछले हिस्से में पेड़ के नीचे बैठे चीता मित्र स्थानीय निवासियों को चीता संरक्षण के बारे में प्रशिक्षित कर रहे हैं। झाँकी के अंतिम भाग में वनकर्मी वाच-टॉवर से चीतों की निगरानी करते दिखाई दे रहे हैं, जो सफल चीता परियोजना में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। झाँकी के दोनों ओर एलईडी पेनल्स के माध्यम से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों पर केन्द्रित फिल्म को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। झाँकी के दोनों ओर नृत्य दल श्योपुर जिले का सहरिया जनजाति नृत्य लहंगी करते हुए नजर आयेंगे।

# फूड फोर्टिफिकेशन सत्र: आमजन को पोषण के महत्व की दी जानकारी

**भोपाल।** शहर की जनता को फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों के लाभों के प्रति जागरूक करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन नें फूड फोर्टिफिकेशन सत्र का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कस्तूरबा हॉस्पिटल रोड, अन्ना नगर स्थित द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स में आयोजित किया गया। सत्र के दौरान फोर्टिफाइड आटा, तेल, सांची दूध, चावल और नमक का प्रदर्शन किया गया। इन खाद्य पदार्थों में मौजूद सूक्ष्म पोषक तत्वों की जानकारी दी गई और बताया गया कि ये तत्व मानव स्वास्थ्य को कैसे लाभ पहुंचाते हैं।




# आबकारी अमले ने अवैध शराब बिक्री करने वालों के ठिकानों पर की छापेमारी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजधानी में आबकारी में देर रात्रि में शहर के अलग अलग क्षेत्रों में ढाबो और होटलों पर छापेमारी की कार्यवाही की । छापे के दौरान अवैध रूप से शराब पिलाने और बिक्रय करने के तहत कार्यवाही की। जिसमें दो दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज किए गए।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचूरा के मार्गदर्शन में आबकारी कंट्रोलर एच. एस. गोयल के नेतृत्व में दो टीम बनाकर देर रात्रि को नीलबड़,रातीबड़ क्षेत्र के बेसिल,वन माल्ट,हाइड आउट, अवॉब एंड बियोंड,काउंटी साइड मिडोज,वेलवेट स्काई,हिल्स व्यू आदि होटल/ ढाबों पर दबिश दी जाकर अवैध स्थल पर मदिरापान करने वालों पर एवं इन होटल ढाबों के संचालकों/मालिकों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किए। आज की कार्यवाही में समस्त आबकारी अधिकारी/स्टाफ उपस्थित रहा। श्री गोयल ने बताया कि ऐसी कार्यवाहियां लगातार जारी रहेगी। पुलिस के हत्थे चढे शातिर वाहन चोर, 4 वाहन चोरी का खुलासाभोपाल । राजधानी में चोरी की घटनायें लगातार बढ़ती जा रही है जिससे शहर की आम जनता त्रस्त है चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने का प्रयास में पुलिस ने कल बुधवार को चोरों को गिरफ्तार करने सफलता प्राप्त की है। दो शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उससे 05 चोरी की मोटर सायकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुये लगभग 3 लाख रुपये कीमत का मशरूका ( मोटर साईकिल) बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।क्षेत्र में विगत दिनो हुई वाहन चोरी की घटना को दृष्टिगत रखते हुये अवधपुरी भोपाल में थाना प्रभारी के नेतृत्व गठित टीम द्वारा विगत दिनो चोरी हुई फ्लेटिना गाडी को बेचने जा रहे संदिग्ध आरोपीयो महेश तनवा पिता शंकर लाल तनवा, भागवत आचार्य पिता श्यामलाल आचार्य को उक्त प्लेटिना मोटर सायकिल सहित नक्षत्र इन्कलेव के आगे जंगल तरफ रोड किनारे मोटरसायकल सहित पकडा, पास मिली प्लेटिना मोटरसायकल क्रमांक के बारे में पूछताछ करने पर बीडीए रोड अवधपुरी से चोरी करना बताया, इसके अलावा आरोपी भागवत आचार्य द्वारा पीथमपुर धार मण्डीप रायसेन , व भोपाल शहर के विभिन्न क्षेत्रो से अन्य चार वाहन मोटर सायकल होण्डा साई सहित कुल 05 वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा कर लगभग कुल 300000 रुपये का मसरुका बरामद किया गया।



स म्पा द की य

# फिर पोषण आहार घोटाला...!

मध्यप्रदेश में एक बार फिर पोषण आहार घोटाला सामने आया है। 1657 टन पोषण आहार कागजों में बांट दिया गया। और यह खुलासा हुआ है कैग की रिपोर्ट में। प्रदेश में पूर्व में भी बड़े स्तर पर पोषण आहार घोटाला हो चुका है और उसमें एक कंपनी के अधिकारियों सहित नोडल एजेंसी एमपी एग्रो के अधिकारियों के यहां भी छापे मारे गये थे, लेकिन बाद में मामला ठंडा पड़ गया और आरोपी कंपनी वाले खुले घूम रहे हैं।

नई खबर के अनुसार कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल यानि कैग की जो रिपोर्ट विधानसभा में पेश हुई है, उसमें पोषाहार बनाने वाले सयंत्रों ने स्टॉक में माल न होने के बावजूद 773 टन पोषाहार की फर्जी आपूर्ति दिखाये जाने की जानकारी दी गई है। इसके अलावा 834 टन पोषाहार को परिवहन में भी फर्जी बिल दिखाए गए। इसके बाद पड़ताल की तो कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। साफ तौर पर इस मामले में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत रही है।

कैग की रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2018 से 2021 के बीच जिन वाहनों से पोषण आहार होना बताया गया, वह इससे पहले ही कबाड़ में कट चुके थे। इस वाहनों में बाइक, ऑटो और छोटी कार शामिल हैं। कई वाहन मालिकों को तो इसकी जानकारी तक नहीं है। यानि वाहनों के फर्जी नंबर डाले गये। यही नहीं, जिन ट्रकों से विभिन्न जिलों में भेजना बताया गया वह हकीकत में बाइक, ऑटो, छोटी कार और टैंकर थे। एक बाइक से 18 टन पोषण आहार का परिवहन दिखाया गया।



विधानसभा की लोक लेखा समिति यानि पीएसी ने इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव से जवाब मांगा था। इसके बाद विभाग की कमिश्नर ने 21 दिसंबर 24 को इस संबंध में प्रदेश के छह संयुक्त संचालकों को नोटिस जारी कर दिए गये हैं। प्रदेश में 6 माह से 3 वर्ष तक के 34.69 लाख बच्चों, 14.25 लाख गर्भवती एवं धात्री महिलाओं और 64 हजार किशोरियों के लिए प्रति माह टेक होम राशन दिया जाता है। यह टीएचआर प्रदेश के 6 सयंत्रों में बनाकर विभिन्न जिलों में भेजा जाता है। ये संयंत्र शिवपुरी, सागर, मंडला, धार, रीवा और बाड़ी में लगे हुए हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग के चालान के अनुसार, ट्रक नंबर एमपी 09 एचई 9901 से पोषण आहार सप्लाई किया गया। जांच में यह कार निकली। कैग ने आपत्ति ली तो विभाग ने इसे लिपिकीय त्रुटि बता दिया। बाद में सही नंबर एमपी 04 एचई 9901 बताया। पड़ताल में यह भी भिंड के रविंद्र सिंह की कार निकली। रविंद्र की कार से 2018 में सप्लाई बताई गई, जबकि यह 2014 में कबाड़ हो चुकी थी और रविंद्र सिंह को इसका पता ही नहीं कि उसकी गाड़ी का नंबर कहीं दर्ज किया गया है।

विभाग के चालान में ट्रक नंबर एमपी 09 एचसी 0355 से पोषण आहार सप्लाई बताई। जांच में यह ग्वालियर के दिनेश जोशी की कार निकली। रजिस्ट्रेशन 2015 में खत्म हो चुका था। कैग की आपित्त पर विभाग ने इसे भी लिपिकीय त्रुटि बताया और सही नंबर एमपी 09 एचसी 3055 बताया। पड़ताल में यह गाड़ी भी ठाकुर माखीजा के नाम पर था, जिसका रजिस्ट्रेशन 2016 में समाप्त हो चुका था। इससे 15.85 टन सप्लाई बताई।

इस ऑटो से 3.24 क्विंटल पोषण आहार की सप्लाई बताई गई। विभाग ने सफाई दी कि कम मात्रा थी, इसलिए ऑटो से परिवहन किया। पता चला कि यह ऑटो भोपाल के मुकदस नगर निवासी इसरार खान के नाम पर दर्ज मिला। उन्होंने ऑटो से कभी पोषण आहार ढोया ही नहीं। विधानसभा लोकलेखा समिति के सभापति भंवर सिंह शेखावत ने इस रिपोर्ट के आने के बाद विभाग के प्रमुख सचिव से पूछा है कि इस मामले में गड़बड़ी करने वाले कौन अफसर हैं? उन पर क्या कार्रवाई हुई या कब तक होगी? उन्होंने इन सभी सवालों के जवाब साक्ष्य सहित मांगे हैं। फिलहाल तो उनके पास कोई जवाब नहीं गया है।

खबर में विभागीय मंत्री कहती हैं कि कैग की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई, यह चेक करवाऊंगी। पीएसी को निर्णय लेना होता है। उनके तथ्य आने के बाद आगे निर्णय लेंगे। सच्चाई यह है कि विभाग में कैग की रिपोर्ट और विधानसभा से आये पत्रों की फाइल बनाकर दबा दी गई है। यहां के अधिकारी घोटालों के आदी हो चुके हैं।

महिला एवं बाल विकास में पहले भी पोषण आहार घोटाला हो चुका है। उस समय नोडल एजेंसी एमपी एग्रो थी और एक निजी कंपनी को पोषण आहार का ठेका दिया गया था। जांच के दौरान छापामारी भी हुई। एग्रो और महिला बाल विकास के अधिकारी भी इसमें मिले हुए पाये गए। लेकिन बाद में क्या हुआ, पता ही नहीं चल पाया। जहां तक कैग की रिपोर्ट की बात है तो पहली बात तो यह कि कैग सैम्पल जांच करता है। यानि पूरे प्रदेश के बजाय कुछ जिलों को लेकर ही जांच करता है। दूसरी बात ये कि कैग की रिपोर्ट में जब भी अनियमितताएं उजागर होती हैं, तो संबंधित विभाग न तो प्रदेश स्तर पर जांच करवाते हैं और न ही आम तौर पर कोई कार्रवाई होती है।

सीधे सीधे कहा जा सकता है कि कैग की रिपोर्ट केवल राजनीतिक बयानबाजी तक या खबरों तक ही सीमित रह जाती है। हर साल की कैग रिपोर्ट में कहीं न कहीं खामी निकलती हैं, और सरकार में बैठे लोग ऐसी अनियमितताओं और घोटालों के आदी हो चुके हैं। जांच करने वाले भी अफसर ही हैं, सो फाइलें दबा दी जाती हैं। इधर बच्चों के निवालों पर डाका डाले जाने का दौर जारी रहता है। वैसे प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव भ्रष्टाचार को लेकर सजग हैं, उम्मीद की जानी चाहिए कि अब एक तो घोटालों की सही जांच होगी और दूसरे, जिम्मेदारों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

# महाकुम्भ पर मठों और शंकराचार्यों की राजनीति की झलक भी दिलचस्प

**आलोक मेहता**

प्रयाग में इस बार महाकुम्भ की शुरुआत शानदार और अखाड़ों के बीच किसी विवाद के बिना हुई। लेकिन कुछ राजनीतिक पार्टियों और नेताओं ने कुम्भ के नाम पर भी सत्तारूढ़ भाजपा और राज्य सरकार के विरुद्ध बयानबाजी की। इसमें कोई शक नहीं कि कुम्भ के पहले या शाही स्नान ( इस बार अमृत स्नान का नाम मिला) के लिए ' पहले हम ' पर बड़े विवाद और संघर्ष हुआ करते थे। उज्जैन के सिंहस्थ कुम्भ को लेकर 1968 – 69 में अखाड़ों के बीच इतना गंभीर विवाद हुआ कि अखाड़ा समूह ने 68 में और दूसरे समूह ने 69 में कुम्भ आयोजित करवाए। संयोग से उसी वर्ष से मैंने पत्रकार के रुप में कुम्भ मेले में अखाड़ों के महंतों संतो से बात कर उनकी गतिविधियों पर लिखना शुरु किया था। इसलिए मुझे हमेशा लगता है कि साधु-संत घर परिवार और मोह माया त्याग कर वैराग्य अपनाते हैं, फिर भी उनके बीच झगडे क्यों होते हैं? साधु-संतों की सबसे बड़ी संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद से लेकर अलग-अलग अखाड़ों के साधु-संतों में जंग छिड़ी रहती है। किसी की लड़ाई पद और कुर्सी को लेकर है तो कोई अखाड़े में वर्चस्व को लेकर मोर्चा खोले रहते हैं। पिछले वर्षों के दौरान शंकराचार्य के पदों और वर्चस्व को लेकर भी सार्वजनिक विवाद आए। यही नहीं कुछ मठों और शंकराचार्यों ने सत्तारुढ़ कांग्रेस या भारतीय जनता पार्टी के समर्थन और विरोध से समाज में अजीब सी उलझन पैदा की है। वेदों में राजनीति और सत्ता का विस्तृत उल्लेख है, लेकिन साधु संतों, शंकराचार्य की भूमिका सत्ता व्यवस्था को केवल सलाह देने की है। भृतहरि जैसे अनेकों राजा बाद में ऋषि बने, सन्यासी हुए। लेकिन सन्यासी किसी वेद पुराण में स्वयं सत्तारुढ़ होने का उल्लेख नहीं हैं।

अखाड़े एक तरह से हिंदू धर्म के मठ कहे जा सकते हैं। शुरू में केवल चार प्रमुख अखाड़े हुआ करते थे, लेकिन वैचारिक मतभेद की वजह से उनका बंटवारा होता गया और आज 13 प्रमुख अखाड़े हैं। कुंभ अखाड़ों का ही होता है। कुंभ आयोजित करने की मुख्य वजह आध्यात्मिक और धार्मिक विचार-विमर्श होती थी।

अखाड़े अपनी-अपनी परंपराओं में शिष्यों को दीक्षित करते हैं और उन्हें उपाधि देते हैं। कुंभ में आमलोग पुण्य कमाने पहुंचते हैं तो वहीं साधुओं का दावा है कि वो गंगा को निर्मल करने के लिए आते हैं। माना जाता है कि आदि शंकराचार्य ने सदियों पहले बौद्ध धर्म के बढ़ते प्रसार को रोकने के लिए अखाड़ों की स्थापना की थी। बाद में कुछ महंतों ने वर्चस्व के लिए शास्त्र से नहीं मानने वालों को उन्हें शस्त्र से मनवाने के प्रयास किए ।संतों के खूनी संघर्ष की सबसे बड़ी घटना वर्ष 1760 में हरिद्वार कुंभ में संतों के बीच संघर्ष में नागा संन्यासियों ने 1800 वैष्णव संन्यासियों को मार दिया था। अखाड़ों के विवाद खत्म करने के लिए अखाड़ा परिषद् गठित हुआ, जिसकी व्यवस्थाओं को अब सभी अखाड़े मान्यता देते हैं। इतिहासकार यह भी मानते हैं कि उन्नीसवीं शताब्दी में बारह बरस में मिलने वाले धर्माचार्यों को जब लगा कि उन्हें बीच में भी एक बार एकत्र होना चाहिए तो छह बरस पर अर्ध कुंभ की परंपरा की नींव पड़ी। 1954 के कुंभ में मची भगदड़ के बाद, टकराव और अव्यवस्था को टालने के लिए अखाड़ा परिषद की स्थापना की गई, जिसमें सभी 13 मान्यता-प्राप्त अखाड़ों के दो-दो प्रतिनिधि होते हैं, और आपस में समन्वय का काम इसी परिषद के जरिए होता है।यूनेस्को ने भी कुंभ मेले को वैश्विक सांस्कृतिक धरोहर घोषित कर दिया है। यूनेस्को के अनुसार यह महोत्सव व्यापक और शांतिपूर्ण है और इसका आयोजन भारत के इलाहाबाद, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में किया जाता है। इस दौरान भारत में पवित्र नदी के किनारे पूजा अर्चना की जाती है। यह धार्मिक महोत्सव



सहिष्णुता और समावेशी प्रकृति को प्रदर्शित करता है और इसमें बिना किसी भेदभाव के लोग हिस्सा लेते हैं।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद में दो गुट बन चुके हैं। वहीं जूना अखाड़े से जुड़े कुछ संतों ने अपना नया अखाड़ा पांच दशनाम श्रीसंत गुरुदत्त अखाड़ा बना लिया है। इसी तरह से किन्नर अखाड़ा के बावजूद किन्नरों का भी दूसरा अखाड़ा बनगया। श्री पंचायती उदासीन बड़ा अखाड़ा के कुछ संत भी एक-दूसरे पर तमाम आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे हैं।13 अखाड़ों में सबसे बड़ा अखाड़ा जूना अखाड़ा है। इसमें सबसे ज्यादा साधु-संत हैं. साधुओं की संख्या लाखों में होने के कारण जूना अखाड़ा का महत्व संख्या बल के आधार पर बढ़ जाता है। ज्यादा संख्या होने के कारण जूना अखाड़ा में भी महामंडलेश्वर और संतों के बीच विवाद हो जाते हैं. ऐसे ही कुछ संतों को जूना अखाड़े ने बाहर किया तो उन लोगों ने मिलकर एक नए अखाड़े का गठन कर लिया।

दूसरी तरफ अद्वैत परम्परा का प्रवर्तक आदिगुरु शंकराचार्य ने सनातन धर्म की रक्षा और प्रसार के लिए देश की चार दिशाओं में चार पीठ की स्थापना की थी। आदिशंकर ने ही ओडिशा (पूर्व) में गोवर्धन मठ, कर्नाटक (दक्षिण) में श्रृंगेरी मठ, द्वारका (पश्चिम) में शारदा मठ और बद्रिकाश्रम (उत्तर) में ज्योतिर्मठ की स्थापना की थी। सनातन परंपरा में इन मठों के प्रमुखों को शंकराचार्य कहा जाता है। आदिगुरु शंकर की ओर से बनाई गई इस परंपरा में शंकराचार्य के पद को लेकर विवाद होते रहे हैं। शंकराचार्यों पर परंपरा का उल्लंघन करने के आरोप लगे।

इसके अलावा इस शक्तिशाली पदों पर एक से अधिक संतों का दावा रहा. ब्रह्मलीन हुए जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती दो पीठ बदरिकाश्रम की ज्योतिर्मठ और द्वारका के श्रृंगेरी मठ के प्रमुख थे। जबकि परंपरा के अनुसार सभी पीठों की देखरेख अलग-अलग शंकराचार्य करते हैं. स्वामी स्वरूपानंद 1973 में ज्योतिष मठ (वदरिकाश्रम) के शंकराचार्य तो थे. वह साल 1982 में वो द्वारका पीठ के शंकराचार्य भी बन गए थे। स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती 1982 से दो पीठों के शंकराचार्य बने रहे। उन्होंने भी अपने उत्तराधिकारी की घोषणा कर दी थी। इसके अलावा कई और शक्तिपीठ के प्रमुख भी शंकराचार्य कहा जाता हैं. तमिलनाडु के कांची कामकोटि पीठ के प्रमुख को भी शंकराचार्य का दर्जा मिला है। हालांकि आदि शंकर ने जिन चार मठों की स्थापना की थी, उसमें कांची कामकोटि पीठ का नाम नहीं है. इस आधार पर कांची कामकोटि पीठ के शक्तिपीठ होने को लेकर काफी विवाद हुआ. चार प्रमुख मठ यानी द्वारका, ज्योतिष, गोवर्धन और श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य तमिलनाडु के कांची कामकोटि पीठ को आदि पीठ नहीं मानते हैं. हालांकि बाद में इस पीठ के प्रमुख शंकराचार्य कहलाने लगे। आदि शंकर के हिंदू अद्वैत परंपरा वाले चार मठ चार वेदों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जैसे गुजरात में द्वारकाधाम में बने शारदा मठ में सामवेद को रखा गया है. इस मठ के सन्यासी अपने नाम के बाद 'तीर्थ' और 'आश्रम नाम का विशेषण लगाते हैं। ओडिशा (पूर्व) के गोवर्धन मठ का मूल ऋग्वेद है और इस मठ के सन्यासी अपने साथ 'आरण्य' विशेषण लगाते हैं. दक्षिण में रामेश्वरम् में स्थित श्रृंगेरी मठ के साथ यजुर्वेद जुड़ा है और इस मठ के सन्यासी सरस्वती, भारती, पुरी सम्प्रदाय नाम विशेषण लगाते हैं। उत्तराखंड के बदरिकाश्रम का ज्योतिर्मठ के मूल में अथर्ववेद है। इस पीठ के सन्यासी अपने नाम में गिरी, पर्वत और सागर विशेषण का प्रयोग करते हैं।

स्वामी स्वरूपानंद की इच्छा के अनुसार, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को ज्योतिषपीठ बद्रीनाथ और स्वामी सदानंद सरस्वती को द्वारका शारदा पीठ के प्रमुख बनाने की घोषणा की गई। वाराणसी के श्री विद्या मठ और ज्योतिष पीठ बद्रीनाथ की जिम्मेदारी संभालने वाले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को उनके उत्तराधिकारी के तौर पर बद्रीनाथ के ज्योतिष पीठ का प्रमुख घोषित किया गया, जबकि स्वामी सदानंद को द्वारका ज्योतिष पीठ का प्रमुख बनाया गया। काशी में शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के आदेश पर बड़े-बड़े आंदोलन की रूपरेखा खींचकर उसे आगे बढ़ाने वाले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के सबसे करीबी शिष्य माने जाते है।

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का पुराना नाम उमाकांत पांडेय था। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छात्र राजनीति में सक्रिय होते हुए उन्होंने कम उम्र में ही सन्यास ग्रहण कर लिया और वाराणसी के श्री विद्या मठ पहुंचकर ब्रह्मचारी की शिक्षा ली थी। यहां पर उनका नाम ब्रह्मचारी आनंद स्वरूप रखा गया था, लेकिन बाद में स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती से उन्होंने दंडी शिक्षा ग्रहण की और उनका नाम स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती रखा गया।

स्वामी स्वरूपानंद से शिक्षा ग्रहण करने के बाद वह उनके सबसे करीबी शिष्यों में शामिल हो गए। यही वजह है कि जब 2008 में स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने गंगा सेवा अभियान की घोषणा की तो वाराणसी में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इस आंदोलन की रूपरेखा तैयार की और 112 दिनों तक काशी में अनवरत आमरण अनशन चलता रहा। जिसमें स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भी अन्न जल त्याग कर जिद पकड़ ली और गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित करने और उसको साफ सुथरा करने की मांग लेकर आमरण अनशन पर बैठ गए। हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां स्वामी स्वरूपानंद के निर्देश पर उन्होंने अनशन खत्म किया। इसके अलावा वाराणसी में राम मंदिर को लेकर छेड़े गए आंदोलन की पूरी रूपरेखा भी उन्होंने ही तैयार की। हर घर स्वर्ण को लेकर आंदोलन करते हुए घर घर से सोने का कलेक्शन करके राम मंदिर निर्माण से पहले रामलला के लिए स्वर्ण मंदिर बनवाने का काम भी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के सांनिध्य में ही संपन्न होने का दावा किया गया। इसके अतिरिक्त जब वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण शुरू हुआ था और मंदिर तोड़े जाने के बाद का विरोध हो रहा था. उस वक्त स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती नहीं इस आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर विरोध दर्ज कराते हुए अनशन शुरू किया था..स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के पिछले कुछ बयानों को देखें तो वे धर्म से परे मामलों में काफी बेबाक रहे हैं. लेकिन उनके इस बेबाकपन को, दूसरे शब्दों में कहें तो राजनीतिक सक्रियता को भाजपा विरोध के रूप में देखा जा रहा है। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर थीं. मंदिर के अभिषेक समारोह में शामिल होने के लिए हजारों वीआईपी और धार्मिक लोगों के अलावा अविमुक्तेश्वरानंद के पास भी निमंत्रण आया था, लेकिन उन्होंने इसको अस्वीकार कर दिया. उन्होंने 'अधूरे राम मंदिर' के अनावरण पर आपत्ति जताई थी, और कहा कि आधे-अधूरे मंदिर का उद्घाटन करना धर्म के खिलाफ है।

अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए जब ट्रस्ट बनाया गया, तब से लेकर मंदिर के बनने तक अविमुक्तेश्वरानंद की नाराजगी दिखती रही। वे नाराज रहे कि उनको ट्रस्ट का सदस्य नहीं बनाया गया। उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर से 228 किलो सोना गायब होने का आरोप लगाकर विवाद खड़ा कर दिया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद् और निरंजनी अखाड़ा के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने इस मामले पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद के पास अगर सोना चोरी का सबूत है तो उन्हें पुलिस या कोर्ट को सौंपे. उन्होंने कहा था कि अगर उनके पास प्रमाण नहीं है तो सुर्खियों में बने रहने के लिए अनर्गल बयानबाजी न करें। अविमुक्तेश्वरानंद ने दिल्ली के बुराड़ी में बन रहे केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति(डुप्लीकेट मंदिर) पर भी नाराजगी जताई थी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद शुरू से धार्मिक और राजनीतिक दोनों ही मामलों में सक्रिय भूमिका निभाते दिखे हैं। पिछले कुछ सालों में उनका रुख सत्ता विरोधी रहा है, और वे विपक्ष के एक समर्थक के रूप में नजर आए हैं। दिलचस्प बात यह है कि स्वामी स्वरूपानंदजी को महत्व देने वाले स्वामी करपात्रीजी ने नेहरु इंदिरा युग में कांग्रेस का कड़ा विरोध किया था और एक पार्टी तक बनवा दी थी। लेकिन सत्ता और समय का खेल है कि पहले स्वरूपानंदजी और फिर अविमुक्तेश्वरानंद कांग्रेस के समर्थन और हिन्दू विचारों वाली प्रमुख भारतीय जनता पार्टी तथा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध कर रहे हैं। यह बात अलग है कि द्वारका के शंकराचार्य स्वामी सदानंद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति सम्मान और समर्थन देते दिख रहे हैं।

# ट्रम्प से आशंकित दुनिया

**ब्रह्मदीप अलूने**

अमेरिकी विदेश नीति का एक प्रमुख उद्देश्य लोकतंत्र,मानवाधिकारों और कानून के शासन का प्रचार-प्रसार करना है। यह अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और सहयोगियों के साथ काम करने के रूप में दिखाई देता है। ये लक्ष्य अमेरिकी विदेश नीति के केंद्रीय स्तंभों के रूप में कार्य करते हैं और वैश्विक स्तर पर अमेरिका की भूमिका को आकार देते हैं। लेकिन ट्रम्प मूल्यों पर आधारित सहयोग की नीति को नकार कर अमेरिका की विदेश नीति को अधिक एकतरफा और संप्रभुतावादी बनाने की और देख रहे है। उनकी गृह और विदेश नीति मेंअलगाव का समान विचार नजर आता है। देश के भीतर वे सांविधानिक प्रावधानों के साथ अलगाव करने वाली जनता के साथ खड़े है और उन्होंने केपिटल हिल के दंगाइयों को माफी दे दी है,वहीं वैदेशिक संबंधों को लेकर उनकी कूटनीति फ़ायदों के तराजू को लेकर आगे बढ़ रही है। 6जनवरी 2021 को एक अभूतपूर्व घटना घटी थी जब उनके समर्थकों ने अमेरिकी कैपिटल पर हमला किया था। ट्रम्प ने कई बार इस हमले का समर्थन किया और भीड़ को उकसाया था। ट्रम्प ने राजनीतिक हिंसा करने वाले लोगों को माफ करके लोकतंत्र की शांति प्रिय तरीके से सत्ता हस्तांतरण की शांतप्रिय व्यवस्था पर मानो अविश्वास जता दिया है।

अमेरिका का उद्देश्य वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देना और अपने आर्थिक हितों की रक्षा करना है। यह मुक्त व्यापार समझौतों,व्यापार संबंधों और निवेश को बढ़ावा देने के माध्यम से होता है। ट्रम्प इससे उलट व्यवहार कर रहे है। वे व्यापार समझौतों को पुनः मोल-भाव करने में विश्वास रखते थे। ट्रम्प ने कई पुराने मुक्त व्यापार समझौतों को संशोधित या समाप्त करने की अपनी मंशा जाहिर कर दी है। ट्रम्प ने बहुपक्षीय संस्थाओं और समझौतों की बजाय द्विपक्षीय संबंधों को प्राथमिकता देना चाहते है।

ट्रम्प ने पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौते से बाहर निकलने का निर्णय लिया है,वे यह तर्क देते हुए कि यह समझौता अमेरिका की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचाएगा और रोजगार में कमी करेगा।पेरिस जलवायु समझौता एक वैश्विक समझौता है जो जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने और वैश्विक तापमान को बढ़ने से रोकने के उद्देश्य से 2015 में पेरिस, फ्रांस में हुए संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में 195 देशों द्वारा हस्ताक्षरित किया गया था। पेरिस जलवायु समझौता एक ऐतिहासिक समझौता है, जो जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए वैश्विक प्रयासों को एकजुट करता है। हालांकि यह समझौता स्वैच्छिक है और इसमें कानूनी बाध्यता नहीं है, फिर भी यह देशों को अपने उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए जिम्मेदार ठहराता है। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि देशों द्वारा तय किए गए लक्ष्य कितनी प्रभावी तरीके से लागू होते हैं और क्या वे समय-समय पर अपने लक्ष्य बढ़ाने के लिए तैयार होते हैं।पेरिस समझौते के तहत देशों को अपनी कार्बन उत्सर्जन में कमी करने की दिशा में काम करना होता है जिससे ग्लोबल वार्मिंग को सीमित किया जा सके। इसके लिए,दुनिया के प्रमुख कार्बन उत्सर्जक देशों को, जैसे कि अमेरिका,चीन,भारत,यूरोपीय संघ आदिको अपनी नीति के अनुसार उत्सर्जन में कमी लाने के उपाय करने होते हैं। अमेरिका इससे अलग हटकर अपनी वैश्विक जवाबदेही से हट रहा हैऔर ट्रम्प को इससे परहेज नहीं है।



ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र,नाटो, और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों को लेकर अपनी असहमति व्यक्त की। उनका मानना था कि ये संगठन अमेरिका के हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं और वे अमेरिका के योगदान को उचित नहीं मानते।नाटो और यूरोप के साथ अमेरिका के हित बहुत गहरे और विविध हैं, जो सुरक्षा, आर्थिक, राजनीतिक और सामरिक दृष्टिकोण से जुड़े हुए हैं। अमेरिका के लिए नाटो और यूरोप के साथ सहयोग और संबंध बनाए रखना महत्वपूर्ण है,क्योंकि यह उसके वैश्विक रणनीतिक और सुरक्षा हितों के लिए अहम है।नाटो, और विशेष रूप से अमेरिका, यूरोप की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रूस के खिलाफ एक मजबूत रक्षा स्थिति बनाए रखने का प्रयास करते हैं।ट्रम्प पुतिन को एक सशक्त नेता मानते है। उन्होंने कई बार यह कहा है कि पुतिन एक मजबूत और सक्षम नेता हैं,जो अमेरिका के लिए लाभकारी हो सकते हैं। ट्रम्प पुतिन से सीधे संवाद स्थापित करने पर बल देते है। ट्रम्प की व्यक्तिगत सोच और अमेरिका की पारंपरिक रक्षा और सामरिक नीति में गहरा अंतर है। यह स्थिति अमेरिका की वैदेशिक नीति का संकट बढ़ा सकती है।

अमेरिका के लिए भारत का महत्व कई स्तरों पर फैला हुआ है। भारत एक बड़ा रणनीतिक, आर्थिक, और राजनीतिक साझेदार है, जो अमेरिकी हितों को दक्षिण एशिया, एशिया-प्रशांत, और वैश्विक स्तर पर मजबूत करता है।ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार असंतुलन को लेकर चिंता जताई है। वे भारत पर शुल्क को कम करने का दबाव डाल सकते है। पिछले कार्यकाल में ट्रम्प प्रशासन के तहत, भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और सैन्य संबंधों में काफी वृद्धि हुई थी। दोनों देशों ने अधिक संयुक्त सैन्य अभ्यास किएऔर अमेरिका ने भारत को उच्च-स्तरीय रक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों की आपूर्ति की। ट्रम्प प्रशासन ने 2019 में कश्मीर मुद्दे पर भारत के पक्ष में समर्थन दियाट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ भी संवाद को बढ़ावा दिया, लेकिन भारत के साथ उनकी साझेदारी मजबूत रही। भारत के साथ अपने संबंधों को एक अहम रणनीतिक साझेदारी के रूप में देखा। भारत को उम्मीद है कि क्वॉड समिट में शामिल होने ट्रंप इस साल भारत आएंगे। ट्रंप इस बार अमेरिका फर्स्ट नीति को लेकर ज़्यादा आक्रामक हैं। माना जा रहा है कि भारत को इमिग्रेशन और ट्रेड के मसले पर ट्रंप प्रशासन से चुनौती मिलेगी। ट्रम्प प्रशासन भारत के साथ अपने संबंध कैसे आगे बढ़ाता है,इस पर भारत के साथ अमेरिकी हित भी निर्भर करेंगे।

ट्रम्प का विभिन्न देशों और वैश्विक संगठनों के प्रति अस्पष्ट रुख आशंकाएं बढ़ा सकता है। यह स्थिति अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा,क्वाड,पश्चिमी गठबंधनोंऔर लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चुनौतीपूर्ण है। विश्व से अलगाव रखने की ट्रम्प की नीतियों के बूते अमेरिका के राष्ट्रीय हित कैसे पूरे होंगे,यह बड़ा सवाल है।

# पैर फैलाता किन्नर अखाड़ा

**राकेश दुबे**

यूँ तो तीर्थराज प्रयाग महाकुंभ में करोड़ों तीर्थयात्री, लाखों कल्पवासी मोक्ष की लालसा में आए हैं। महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, धर्माचार्य, तमाम अखाड़ों से लेकर लाखों कल्पवासियों के बीच मेला क्षेत्र के सेक्टर-16 संगम लोअर मार्ग पर मौजूद किन्नर अखाड़ा लोगों की दिलचस्पी और जिज्ञासा का विषय बना है। रोजाना हजारों श्रद्धालु यहां आकर आशीर्वाद लेकर खुद को कृतार्थ महसूस कर रहे हैं। संयोग देखिए, पैदा होने पर समाज ने ठुकराया, मुख्यधारा से अलग रखा गया।

उसी किन्नर अखाड़ा में जुटे सैकड़ों-हजारों महिला -पुरुष साष्टांग दंडवत करके उन्हें न सिर्फ पूज रहे हैं बल्कि उनका आशीर्वाद लेकर खुद को कृतार्थ महसूस कर रहे हैं। किन्नर अखाड़ा उज्जैन पीठ के महामंडलेश्वर पवित्रानंद गिरि बताते हैं कि शिव पुराण में अर्ध नारीश्वर का जिक्र मिलता है । हमारे आराध्य देव शिव होते हैं। अखाड़ों पर शोध कर रहे पीयूष आनंद बताते हैं कि महाकुंभ मेला में किन्नर अखाड़ा के प्रति लोगों का आकर्षण देखा जा रहा है। बीते कुछ सालों में ही किन्नर अखाड़ा की स्थापना की गई।

तेरह अखाड़ों में एक प्रमुख अखाड़े के रूप में किन्नर अखाड़ा महज सात-आठ साल के भीतर अपनी खास पहचान बना चुका है। वैसे तो किन्नर अखाड़ा स्थापित करने की बात आई तो शुरुआती दिनों में इसका विरोध हुआ। सुप्रीम कोर्ट में वाद दाखिल कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि थर्ड जेंडर के रूप में जब सारे अधिकार हासिल हैं तो इनको पूजा पद्धति से कैसे रोका जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद बाकायदा किन्नर



अखाड़ा की स्थापना हुई। इस अखाड़े के संस्थापक मुखिया और आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने देश के अलावा विदेश तक से बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ने में खासी मशक्कत की।

हिंदू धर्म छोड़कर पूर्व में इस्लाम अपनाने वाले कई दर्जन लोगों को किन्नर अखाड़ा ने घर वापसी कराई है। हिंदू सनातन धर्म में किन्नरों को भगवान शिव का उपासक और आशीर्वाद देने वाले के रूप में देखा जाता है। किन्नर अखाड़ा ने देश-विदेश, अलग-अलग क्षेत्रों में अब तक कई मंडलेश्वर और महामंडलेश्वर बनाए। आगे भी विस्तार की योजना है। महामंडलेश्वर आचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी का कहना है कि ट्रांसजेंडर राइट्स को लेकर किन्नर अखाड़ा कई महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। एक समय था, जब समाज में किन्नरों को हीन दृष्टि से देखा जाता था लेकिन अब काफी सकारात्मक बदलाव हुआ है। पहले उपेक्षात्मक रवैया था लेकिन अब काफी बदलाव हुआ है।

बैंकॉक, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, सेन फ्रांसिस्को, अमेरिका, हॉलैंड, फ्रांस और रूस सहित दुनिया के कई देशों के ट्रांसजेंडरों को इस अखाड़े में शामिल करने का लक्ष्य है।

खुद की कोई संतान तो नहीं हुई पर हजारों लोगों की मां, अम्मा, मइया और माई की भूमिका निभा रहीं किन्नर अखाड़ा प्रमुख डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी खुद को गौरवान्वित महसूस करती हैं। हजारों किन्नरों के मां, अम्मा, माई और मइया जैसे संबोधन और अपनत्व खुद में रोमांच पैदा करता है।

बीते कुछ सालों से अस्तित्व में आये किन्नर अखाड़े के प्रति श्रद्धालुओं का आकर्षण स्वाभाविक है। इस अखाड़े में जुटे हजारों महिला-पुरुष साष्टांग दंडवत कर उन्हें न सिर्फ पूज रहे हैं बल्कि आशीर्वाद भी ले रहे हैं। सनातन धर्म में किन्नरों को भगवान शिव-उपासक और आशीर्वाद दाता के रूप में देखा जाता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## गणतंत्र दिवस ,नगर गौरव दिवस, आनंद उत्सव के तहत खेल स्पर्धाओं का समापन



ओबैदुल्लागंज संवाददाता (सुरेश केवट)- औबेदुल्लागंज 26 जनवरी गणतंत्र दिवस,गौरव दिवस, आनंद उत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का तृतीय समापन दिवस दशहरा मैदान औबेदुल्लागंज में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे की अध्यक्षता में किया गया जिसमें जिसमें रस्सा कस्सी, बोरा रेस, कुर्सी दौड, चम्मच दौड ,सामान्य दौड व खो- खो प्रतियोगिता की गई मुख्य रूप से प्रमोद से, सुजीत यादव, दीपेश परमार, सुनील सेरिया, विक्रम यादव, नरेश सेठी पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, डब्बू मेहरा, भूपेंद्र मेहरा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण एवं शिक्षा विभाग की ओर से खेल नोडल हमीर सिंह मोहानिया परब चंद चौरे एवं बलराम नागर एवं खेल टीचर जैनब खान, सुमायला सिद्दीकी ,नरेंद्र सेन एवं सभी शालाओं के बच्चे एवं स्पोर्ट टीचर एव नगर के युवा एवं बरिष्ठ जन सम्मिलित हुये 26जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी विजेताओं को पुरूस्कृत किया जायेगा

## ब्लॉक कांग्रेस की बैठक संपन्न हुई, महू में होने वाली महारैली पर हुई चर्चा



औबेदुल्लागंज (संवाददाता)। 27 जनवरी को बाबा साहब अम्बेडकर की जन्मस्थली महू मे मलिक अर्जुन खड़गे, राहुल गाँधी , प्रियंका गांधी के नेतृत्व मे होने बाली महारैली के लिए ब्लॉक कांग्रेस ओबेदुल्लागंज भोजपुर विधान सभा मे प्रभारी विष्णु विश्वकर्मा सचिव मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बैठक ली गयी ! बैठक मे ब्लॉक के सभी बरिष्ठ कांग्रेस के नेता गण, मंडलम, सेक्टर के अध्यक्ष गण, बूथ अध्यक्ष,पूर्व पार्षद, जनपद सदस्य, जिला पंचायत के सम्मानित पूर्व एवं वर्तमान सदस्य मातृ शक्ति, युवा साथी उपस्थित हुए, अधिक संख्या मे महू पहुंचने हेतु कार्यकर्त्ता उत्साहित है

रैली मे अपने अपने वाहन से पहुंचेंगे ! , बैठक युथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष परेश नागर द्वारा रखी गयी इस अवसर पर तूफान सिंह राजपूत, संजय सिंह चौहान, हरजीत सिंह मगू, कमलेश यादव (बाबूजी) चंदा चौहान, हरपाल सिंह राजपूत, पामेश यादव, राजू मेहरा, उत्तम यादव, मनोज खटीक, अनिल परमार, चुनन्हे मियां, खेत सिंह चौहान, कमलेश बाबा, आदि कांग्रेस नेता उपस्थित थे ।

## पार्वती नदी उद्‌गम स्थल पर ''अनूभूति कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया



आष्टा। वन परिक्षेत्र आष्टा अन्तर्गत म.प्र. ईको पर्यटन विकास बोर्ड के माध्यम से विद्यालयीन छात्र/छात्राओं हेतु प्रशिक्षण सह जागरूकता के लिए आज बुधवार को बीट गोविन्दपुरा में पार्वती नदी उद्गम स्थल पर ''अनुभूति कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित विद्यार्थियों वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण के संरक्षण हेतु जागरूक कर प्रषिक्षण दिया गया। रेंजर राजेश चैहान द्वारा बताया गया कि विद्यार्थियों को पर्यारण संरक्षण, पक्षी दर्शन, जैव-विविधता, वन औषधि, वन्यप्राणी एवं वन प्रबंधन की सामान्य जानकारी एवं प्रकृति से जुड़ने का अनुभव प्रदान किया। क्रार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को वनो, वन्यजीवों एवं पर्यावरण के संरक्षण में अपने योगदान देने एवं सुरक्षा करने के लिये शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम के दौरान प्रेरक हरीशचंद्र आर्य से.नि.वनपाल द्वारा स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया एवं बच्चों को प्राकृतिक दर्शन कर समझाया गया कि प्रकृति, वन एवं वन्यजीव हमारे जीवन के अभिन्न अंग है इनका संरक्षण ना केवल पर्यावरण संतुलन बनाये रखता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिये एक स्वास्थ्य एवं समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करता है, इसी प्रकार प्रेरक द्वारा प्राकृतिक महत्व कई उदाहरण देकर समझाया गया। रेंजर राजेश चैहान द्वारा बताया गया कि कार्यक्रमण में स्कूली विद्यार्थियों के साथ-साथ वन स्टॉफ, जनप्रतिनिध, शिक्षक आदि उपस्थित रहे, जिनके द्वारा बच्चों को प्रकृति के संरक्षण के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनील गुणवान, सुनील आर्य, राकेश सिसोदिया, मान सिंह ठाकुर ईलाही, कुलदीप ठाकुर, विरेन्द्र ठाकुर, धर्मेन्द्र पटेल, सतीश पाटीदार, मनोहरलाल शर्मा, सेवानिवृत?तवनपाल शरीफ खॉन आदि लोग उपस्थित रहे।

## जनकल्याण शिविर सरकार और जनता के बीच एक सेतु जैसा अभियान है: अंजनी चौरसिया

आष्टा। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर पूरे प्रदेश में जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा हैं। इसी के चलते नगर में भी नगरपालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 17 में पार्षद एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया की उपस्थिति में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। श्रीमती अंजनी चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जनकल्याण शिविर के माध्यम से सरकार अपने कार्यों को लोगों के बीच पहुंचा रही हैं। सरकार द्वारा गरीब, बेसहारा नागरिकों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं का लाभ नागरिकों को दिलाया जा रहा है। श्रीमती चौरसिया ने कहा कि इस पर्व के माध्यम से सरकार अपने एक साल के कार्यकाल में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा जनता के सामने प्रस्तुत करने का कार्य कर रही है। साथ ही आने वाले समय में जनता के कल्याण के लिए किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा भी पेश की जाएगी।

### पुलिस अवार्ड-2025 कार्यक्रम आयोजित

# मध्यप्रदेश निवेश और शांति का टापू: शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आज मध्यप्रदेश को एक उत्कृष्ट निवेश गंतव्य के रूप में देखा जा रहा है। राज्य की सकारात्मक नीतियाँ, सहयोगी वातावरण, प्राकृतिक संसाधन, कुशल मानवशक्ति के साथ यहाँ का शांत वातावरण और सुदृढ़ कानून व्यवस्था इसे निवेश के लिये एक आदर्श स्थान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि जब राज्य समृद्ध होता है तो उसके साथ चुनौतियां भी आती हैं, इसके लिये सतत सतर्क और सजग रहना आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल होटल मैरियट भोपाल में मीडिया समूह के ÷पुलिस अवार्ड-2025÷ कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नशा प्रदेश के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग नशे का धंधा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर रहा है। पुलिस विभाग के कार्यों के चलते अपराधियों के हौसले पस्त हो गए हैं, जिससे प्रदेश विकास की राह पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य को संवारने और सशक्त करने के लिये नशा मुक्ति के प्रयासों को सघन और अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के जन-जागरूकता लाना भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि अपराध की घटनाओं को



नैतिक दबाव के माध्यम से जड़ से खत्म किया जा सके।

### 26 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को किया सम्मानित

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रत्येक पद महत्वपूर्ण है, और पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य कर समाज को समृद्ध और सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट भावना और कर्तव्यनिष्ठा के भावों के संचार से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि दैनिक भास्कर मीडिया समूह केवल नकारात्मक खबरों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सकारात्मक कार्यों और उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने 26 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया।

## गंदगी की शिकायत के बाद भंडारी रिसोर्ट पर 1 लाख जुर्माना



इंदौर। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर गंदगी करने पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही जारी है। इस क्रम में बुधवार को नगर निगम ने कचरा प्रबंधन में लापरवाही को लेकर सख्त कदम उठाते हुए झोन 10 वार्ड 39 में कनाड़िया बायपास स्थित भंडारी फार्म एंड रिसॉर्ट को सील कर दिया। इस रिसोर्ट पर ?1,00,000/ का स्पॉट फाइन भी किया गया। राशि जमा करने के बाद ही रिसोर्ट को खोला गया। अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा को स्थानीय स्तर पर शिकायत मिली थी, कि इस रिसोर्ट के बैकयार्ड में बड़ी मात्रा में गंदगी है। अपर आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी राजेश जायसवाल, सीएसआई शैलेश पाल, एआरओ मयंक जैन ,सहायक सीएसआई नदीम खान स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम ने जांच की। इस दौरान पाया गया कि रिसॉर्ट में निगम द्वारा नियमित कचरा गाड़ी भेजने पर भी पूरा कचरा नहीं डाला जा रहा। गीले एवं सूखे कचरे को भी अलग-अलग नहीं किया जा रहा। भंडारी फार्म एंड रिसोर्ट में न केवल कचरा प्रबंधन के नियमों का उल्लंघन हो रहा था, बल्कि उपयोगी कचरे का भी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नियमानुसार सही तरीके से निस्तारण नहीं किया जा रहा। निगम ने भंडारी फार्म एंड रिसोर्ट की इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए न केवल रिसॉर्ट को सील किया, बल्कि एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। स्पॉट फाइन के बाद रिसोर्ट को खोल दिया गया।

## दलित की पिटाई, वाहन टक्कर में मौत, नाबालिग से दुष्कर्म, पेयजल संकट पर 4 कलेक्टर और एक एसपी से मांगा जवाब

**भोपाल।** भिंड के गोहद में नायब तहसीलदार कार्यालय में एक बाबू द्वारा दलित महिला की जूते से पिटाई करने, पन्ना के अमानगंज थाने में वाहन की टक्कर में एक परिवार के तीन लोगों की मौत, सीहोर के आष्टा में अस्पताल में इलाज में लापरवाही से महिला की मौत, मंडीदीप में नाबालिग से दुष्कर्म और जबलपुर के सिहोरा की कछपुरा ग्राम पंचायत में नलजल योजना के बोर सूखने से गहराए जलसंकट को लेकर मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी और सदस्य राजीव टंडन ने चार जिलों के कलेक्टरों और एक जिले के पुलिस अधीक्षक से इन मामलों में कार्यवाही कर तीन सप्ताह में प्रतिवेदन देने को कहा है।

भिंड जिले के गोहद नायब तहसीलदार कार्यालय में एक बाबू ने दलित महिला को जूतों से पीटा था। इसका एक वीडियो वाइरल हुआ था जिसमें पीड़ित दलित महिला द्वारा सुविधा शुल्क वापस मांगने पर बाबू भड़क गया था और महिला के साथ मारपीट कर गाली गलौच की। इस मामले में मानवाधिकार आयोग ने कलेक्टर और एसपी भिंड से मामले की जांच कर तीन सप्ताह में कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा है। पन्ना जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत पन्ना-कटनी रोड स्थित इटौरी मोड़ पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से कार में एवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। इस मामले में आयोग ने कलेक्टर पन्ना से जांच कराकर प्रकरण हिट और रन का होंने की स्थिति में मृतकों के उत्तराधिकारियों को आर्थिक मुआवजा राशि वितरण के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है। सीहोर जिले के आष्टा के सानिया अस्पताल में अपेंडिक्स से पीड़ित एक महिला के इलाज में लापरवाही से मौत हो गई। महिला की दोनो किडनी इलाज के दौरान फेल हो गई थी। उसका डायलिसिस शुरु हो गया है। इसके कारण महिला को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में आयोग ने कलेक्टर और सीएमएचओ से जांच कराकर कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है। रायसेन जिले के मंडीदीप में एक नाबालिग से उ सके ही किरायेदार युवक ने दुष्कर्म किया था। अस्पताल में जाने पर नाबालिग के गर्भवती होंने का पता चला इसके बाद किरायेदार ने मकान खाली कर दिया। आयोग ने एसपी रायसेन से मामले की जांच कर पीड़िता को देखभाल, संरक्षण और परामर्श तथा विधिक सहायता और आरोपी के विरुद्ध की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।जबलपुर जिले के सिहोरा विकासखंड की ग्राम पंचायत कछपुरा में नलजल योजना के दो बोर सूख जाने से गांव में पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। ग्रामीण परेशान है इस मामले में आयोग ने जांच कराकर पेयजल की अस्थायी व्यवस्था और नल जल योजना के उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करवाये जाने के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

## स्वास्थ्य अधोसंरचना कार्य भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप समय सीमा में करें पूर्ण : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

### मेडिकल कॉलेजों से संबंधित अनुसांगिक अस्पतालों के निर्माण और उन्नयन कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें



लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की वृहद समीक्षा की।

भोपाल।उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना का विस्तार और सहज उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधोसंरचना कार्य भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप समय सीमा में पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागीय प्रगतिरत परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने और साथ-साथ फर्नीचर, उपकरण और मैनपावर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के साथ-साथ इन सभी पहलुओं पर ध्यान देना आवश्यक है ताकि परियोजनाएं पूर्ण होते ही सेवाओं का प्रदाय किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की वृहद समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य अधोसंरचना के कार्य सीधे आम जनता से जुड़े हैं, इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा किया जाये। उन्होंने सभी कार्यों की रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए अद्यतन प्रगति एमआईएस पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश भी दिए।

## आम नागरिको में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु निकाली गयी यातायात जागरूरता रैली



दमोह पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2025 ÷परवाह÷ थीम पर जिला दमोह में दिनांक 01.01.2025 से 31.01.2025 तक ÷सड़क सुरक्षा माह÷ का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत दिनांक 22.01.2025 को शहर के आम नागरिकों में यातायात नियमो के प्रति जागरूकता हेतु यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जो कीर्ति स्तंभ से शुरू होकर अम्बेडकर चौक, घंटाघर, एवरेस्ट, बस स्टेण्ड चौक, कॉपरेटिव बैंक चौराहा होते हुये कीर्ति स्तंभ पर समाप्त हुई। जिसमें एनसीसी, स्काउट, गाइड, शौर्य दल एवं आपदा मित्र शामिल हुये। जागरूकता रैली के माध्यम से दो पहिया वाहन में हेलमेट पहनने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न बैठाने, चार पहिया वाहन में सीट बैल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग न करने, बिना वैध लायसेंस के वाहन न चलाने, ड्रिंक एण्ड ड्राईव न करने, गतिसीमा का उल्लघंन न करने, गुड सेमिरिटन योजना के तहत वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर में नजदीकी अस्पताल/ट्रामा सेंटर पहुंचाकर मदद करने एवं यातायात नियमो का पालन करने का संदेश दिया गया। सत्यमेव जयते।

### गणेश शंकर विद्यार्थी प्रेस क्लब का मनाया गया स्थापना दिवस

**बिजावर।** गणेश शंकर विद्यार्थी प्रेस क्लब की स्थापना दिवस के अवसर पर बिजावर स्थित अटल सभागार में जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिजावर क्षेत्र के विधायक राजेश शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जबकि कार्यक्रम में गणेश शंकर विद्यार्थी प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गंगेले, वरिष्ठ पत्रकार श्रवण गौरव, लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी, संरक्षक केशव शर्मा, सागर संभाग अध्यक्ष राधे यादव, जिला अध्यक्ष भरत यादव और महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी राजकुमार बागरी मौजूद रहे। बिजावर विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि जब मैं घर से निकला था तो मन में भाव आया था कि आज सभी पत्रकारों से मुलाकात होगी लेकिन आने पर पता चला कि पत्रकारों के भी अलग-अलग संगठन हैं।

## नगर पालिका परिषद की 9 महीने बाद हुई बैठक में जमकर वह हंगामा हाय हाय के गूजे नारे

### विधायक प्रतिनिधि संभाल मोर्चा, विरोध के बीच एजेंडा हुआ पास



सिरोंज । 9 महीने के लंबे इंतजार के बाद बुधवार को नगर पालिका परिषद की बैठक आयोजित हुई जिसमें जोरदार हंगामा देखने को विरोधी पार्षद के साथ सत्ता पक्ष के कई पार्षदों ने अनियमिताओं के गंभीर आरोप लगाए विरोधी पार्षदों ने तो हाय हाय के नारे लगाते हुए जमकर हंगामा करने लगे तो विधायक प्रतिनिधि रमेश यादव ने मोर्चा संभालते हूऐ एजेंडा अपने हाथ में लेकर बोलो सभी प्रस्ताव पास बैठक खत्म का ऐलान करके अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सत्ता पक्ष के पार्षद बैठक से बाहर चले गए इसके बाद विरोधी पर्षद ने तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि हम बैठक का बहिष्कार करते हैं बैठक कक्ष में ही विरोधी पार्षदों ने अध्यक्ष उपाध्यक्ष और अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए हाय हाय के नारे लगाए हुए हंगामा किया। इससे पहले 11ः00 बजे मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू ने 48 बिंदुओं का एजेंडा पढ़कर सुनाया तो सत्ता पक्ष के पार्षद प्रतिनिधित्व तोष मणी ने वार्ड नंबर 2 के एक काम को लेकर नाराजगी जताते हुए बैठक कक्ष की टेबल के बीच में जमीन पर बैठकर अपना विरोध कर रहे थे। दूसरी ओर पार्षद जय नारायण सेना ने प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार करने वाले कर्मचारियों को तत्काल निलंबित करने की की मांग का मुद्दा उठाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए थे मौके पर ही कार्रवाई की मांग कर रहे थे जमकर खींच भी इन्होंने निकाली इसके अलावा अन्य सत्ता पक्ष के पार्षदों ने भी सुनवाई नहीं होने और जनता के हित में काम नहीं करने के आरोप परिषद के कर्मचारियों अधिकारियों पर लगाते हुए विरोध जताया पहले सत्ता पक्ष के पार्षदों ने विरोध दर्ज करने के लिए हंगामों किया तो इसकी बात का फायदा उठाते हुए विपक्षी वार्डकमांक 20 के पार्षद ने आरोप लगाते हुए बैठक में कहा कि एजेंट में 20 का एक भी कम शामिल नहीं किया गया क्या मेरा वार्ड नगर पालिका के क्षेत्र में नहीं आता है मैं ईवीएम की मेहरबानी से नहीं जीता हूं मुझे जनता ने अपना जनमत देकर पहुंचा है क्या इसलिए मेरी सुनवाई नहीं होती मैं समाजवादी पार्टी से आता हूं इसलिए मेरे वार्ड के साथ भेदभाव किया जा रहा है इसका कारण बताएं हंगामा बढ़ने लगा इसी दौरान विपक्षी पार्षद नदीम खन, रामदयाल विश्वकर्मा, खालिद मोहम्मद ने भी परिषद की बैठक को तानाशाही बताने लगे नदीम खान ने तो नगर पालिका अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष और परिषद को तानाशाही बताते हुए चिल्ला चोट करते हुए जमकर नारे लगाए है हाथों में एजेंडा लेकर उसका विरोध कर रहे थे। यह अध्यक्ष , उपाध्यक्ष, सीएमओ के समीप पहुंचकर अपनी बात टेबल ठोकर कर चिला चिला कर बोल रहे थे कि हम ऐसी परिषद पहली बार देखी जिसमें अध्यक्ष मूर्ख दर्शक की तरह बैठे रहते हैं इनकी एक चपरासी भी नहीं सुनता है तोष मणी पंथी ने तो परिषद भंग करने की बात भी कहीं।यहां जनता हित में कोई काम नहीं हो रहा केवल भ्रष्टाचार हो रहा है खुलेआम 20 प्रतिशत का खेल चल रहा है। घटिया काम करने वाले ठेकेदारों काम दिया जा रहा है, जिनके द्वारा केवल निर्माण कार्य करने के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है सफाई कर्मचारी की जरूरत है उनको नहीं बढ़ाया जा रहा है।

### इनका कहना है ।

तानाशाही हो रही है हम बैठक का बहिष्कार करते हैं जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जनता की कोई सुनवाई नहीं रही 20त्न का खेल चल रहा है भ्रष्टाचार करने वाले ठेकेदारों को कम दिया जा रह है।

**नदीम खान प्रतिपक्ष नेता ।**

जिन बिंदुओं पर पार्षद ने विरोध जताया है उनको शामिल नहीं करेंगे, प्रधानमंत्री आवास योजना का मामला पुराना है उसकी हम जांच करवा रहे हैं एजेंडा सब की सहमति से पास हुआ है।

**रामप्रकाश साहू नगर पालिका अधिकारी श्रम**

## महाकुंभ मेले के लिए बदला 10 ट्रेनों का रूट ,जानिए परिवर्तित ट्रेनों और उनके मार्ग के नाम



भोपाल। महाकुंभ मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों की बढ़ी हुई मांग को देखते हुए रेलवे ने 10 ट्रेनों के मार्गों में बदलाव किया है। भोपाल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनों को नए मार्ग से चलाया जाएगा। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पहले ट्रेन की जानकारी रेलवे की आधिकारिक नंबर 139 सेवा से जरूर लें।

**परिवर्तित ट्रेनों और उनके मार्ग की सूची**

लोकमान्य तिलक-जयनगर एक्सप्रेस (11061) 28, 29 जनवरी और 2, 3 फरवरी नया मार्ग- मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वीएचके, वाराणसी, जौनपुर, औड़िहार। यशवंतपुर-लखनऊ एक्सप्रेस (22683) 27 जनवरी नया मार्ग- ओहन, बांदा, भीमसेन, कानपुर सेंट्रल।लोकमान्य तिलक-गोरखपुर एक्सप्रेस (15017) 28, 29 जनवरी और 2, 3 फरवरी नया मार्ग- मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वीएचके, वाराणसी, जौनपुर, औड़िहार।लोकमान्य तिलक-बलिया एक्सप्रेस (11071) 28, 29 जनवरी और 2, 3 फरवरी नया मार्ग बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, जौनपुर, वाराणसी।

अयोध्या छावनी-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस (22130) 3 फरवरी नया मार्ग अयोध्या छावनी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी।

लोकमान्य तिलक-अयोध्या छावनी एक्सप्रेस (22129) 28 जनवरी और 2 फरवरी नया मार्ग वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ।

लोकमान्य तिलक-गोरखपुर एक्सप्रेस (11055) 29 जनवरी, 2 और 3 फरवरी नया मार्ग -मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजार्पुर, वीएचके, वाराणसी, जाफराबाद। पुणे-दरभंगा एक्सप्रेस (11033) 29 जनवरी नया मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वीएचके, वाराणसी, जौनपुर, औड़िहार। लोकमान्य तिलक-रक्सौल एक्सप्रेस (15268) 3 फरवरी नया मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वीएचके, वाराणसी, जौनपुर, औड़िहार। रामेश्वरम-अयोध्या छावनी एक्सप्रेस (22613) 2 फरवरी नया मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वीएचके, वाराणसी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक/निविदा/25/188 सिरोंज दिनांक 22/01/25

**ई-टेंडर आमंत्रण सूचना**

नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है -

| टेंडर कमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि रू | ऑनलाईन निविदा का प्रपत्र मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024_UAD_397801_1 | मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाय योजना अंतर्गत भोजन पैकेट प्रदाय बावत | 275000/- | 2750/- | 2000/- | 03 दिन |

1 शर्त - टेंडर डाक्यूमेंट के आधार पर निर्धारित सभी कर एवं शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. कटौत्री किया जावेगा।

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://mptenders.gov.in एवं नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा के स्टोर शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिरोंज**

## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रचनात्मक क्षेत्र में शिक्षा के लिए समर्पित भारत की प्रथम युनिवर्सिटी- वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्लूयूडी) ने हरियाणा में सोनीपत कैंपस में अपने चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीसीआई) के वाइस चेयरमैन श्री समीप शास्त्री इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे जहां 220 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। यह दीक्षांत के उपरांत डिजाइन के विविध क्षेत्रों से विद्यार्थी इन डिग्रियों के साथ पेशेवर जीवन में उतरेंगे। उन्हें डिजाइन के संबंध में शपथ दिलाई गई और इस तरह से वे अपनी पेशेवर यात्रा पर निकले। ज्ञान और वैश्विक परिदृय के साथ ये स्नातक डिजाइन उद्योग के भविष्य को आकार देने को तैयार हैं।

## एनएचसी फूड्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ में 384 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।** विभिन्न कृषि उत्पादों, वस्तुओं और मसालों के अग्रणी निर्यातक एनएचसी फूड्स लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ महीने के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में कंपनी का पीएटी 384 प्रतिशत बढ़कर 208.33 लाख रुपए दर्ज किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 43.03 लाख रुपए था। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन से आय 58 प्रतिशत बढ़कर 7352.97 लाख रुपए हुई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के में 4649.69 लाख रुपए थी। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, कंपनी का पीएटी 384 प्रतिशत बढ़कर 614.30 लाख रुपए हुआ है, जो पिछले वर्ष इसी समयावधि में 126.88 लाख रुपए था। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए परिचालन से आय 64 प्रतिशत बढ़कर 21,420 लाख रुपए हुई है।

## एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए 2,007 करोड़ रुपये का प्रॉफिटआफ्टरटैक्स(पैट) दर्ज किया

**मुंबई, एजेंसी।** देश की प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक एलएंडटी फाइनेंस लि. (एलटीएफ) का समेकित पैट चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने में बढ़कर 2,007 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह एक साल पहले की तुलना में 14 फीसदी अधिक है। वहीं, दिसंबर, 2024 तिमाही में कंपनी का समेकित पैट626 करोड़ रुपये रहा।कंपनी ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए 15,210 करोड़ रुपये का तिमाही रिटेलडिसबर्समेंट दर्ज किया है, जो पिछले साल की तुलना में 5 फीसदी अधिक है। तिमाही के दौरान रिटेलबुक का आकार 92,224 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में 23 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है।

## भारत के लगभग 10 में से 9 सीईओ आर्थिक विकास के प्रति

दावोस, एजेंसी। एक तरफ ग्लोबल लीडर्स दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक में 'कोलाब्रेशन इन द इंटेलिजेंट एज' विषय पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ पीडब्ल्यूसी ने आज यहां 28वां वार्षिक ग्लोबल सीईओ सर्वेक्षण जारी किया। खास तौर पर भारत के संदर्भ में जारी इस सर्वे में ग्लोबल इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और रीइन्वेंशन के भविष्य को आकार देने में देश द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया है। इस सर्वेक्षण में 109 देशों के 4,700 से अधिक सीईओ शामिल थे, जिनमें से 75 से अधिक भारत से थे। सर्वेक्षण के अनुसार भारत के 87 प्रतिशत सीईओ देश की आर्थिक वृद्धि को लेकर उत्साहित नजर आते हैं, जो वैश्विक औसत 57 प्रतिशत से अधिक है, जबकि 74 प्रतिशत सीईओ अगले तीन वर्षों में अपनी-अपनी कंपनियों की राजस्व वृद्धि को लेकर बहुत आश्वस्त हैं। वृहद परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, व्यापार करने में बेहतर आसानी (ईओडीबी), इन्फ्रास्ट्रक्चर से संबंधित विकास और इसका युवा और कुशल कार्यबल निवेशकों को लगातार आकर्षित कर रहे हैं।

## टाटा पावर ईज़ी चार्ज ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपने व्यापक ईवी चार्जिंग समाधान प्रदर्शित किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में ईवी चार्जिंग समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी टाटा पावर ईज़ी चार्ज ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपने विशाल इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क और विभिन्न ग्राहक सेगमेंट में अपनी विभिन्न उत्पाद सेवाओं-सुविधाओं का प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। भारत में ज़्यादा से ज़्यादा लोग ईवी को बहुत ही आसानी से अपना सकें इसके लिए तकनीकी नवाचार, हरित ऊर्जा एकीकरण और रणनीतिक नेटवर्क विस्तार के बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ प्रयास करने के लिए टाटा पावर ईज़ी चार्ज प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में, उन्होंने अपनी इस अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

## पीएनसी-केकेआर 9,000 करोड़ रुपये का सौदाः एनएचएआई से 8 संपत्तियों की मंजूरी

**मुंबई, एजेंसी।** इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक को एनएचएआई से बुंदेलखंड और खजुराहो सड़क परियोजनाओं के लिए दो सहायक कंपनियों (एसपीवी) में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी को केकेआर समर्थित हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट को ट्रांसफर करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है।इसके साथ, पीएनसी-केकेआर सौदा 31 मार्च 2025 तक पूरा होने की राह पर है क्योंकि पीएनसी इंफ्राटेक लेनदेन के लिए शर्तों (सीपी) को पूरा करने की प्रक्रिया में है। सौदे के तहत प्रमुख सीपी में से एक में हाइवे प्राधिकरणों से नियंत्रण अनुमोदन में बदलाव और परियोजनाओं के लिए ऋणदाताओं से अनापत्ति प्रमाण पत्र शामिल थे।

## भारत में पहली बार 'मेड इन इंडिया' पहली बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉंग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक की पेशकश

मुंबई, एजेंसी। बीएमडब्ल्यू इंडिया ने ऑटो एक्सपो 2025 में पहली बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉंग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक लॉन्च की है।बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉंग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू द्वारा निर्मित पहली इलेक्ट्रिक वाहन बन गई है जो 'मेड इन इंडिया' है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से निर्मित बीएमडब्ल्यू एक्स1लॉंग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक विशेष रूप से ड्राइव 20 एल ड्राइवट्रेन में उपलब्ध है। विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट और सीईओ, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, आज, बीएमडब्ल्यू इंडिया ने पहली बीएमडब्ल्यू एक्स1लॉंग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक के साथ भारतीय प्रीमियम ऑटोमोटिव सेगमेंट में हलचल मचा दी है। यह बड़ी है, यह एसयूवी है, यह ईवी है और यह बीएमडब्ल्यू है।

## महा कुंभ का उत्सवः कोका-कोला इंडिया की ताजगी, उद्देश्य और सामाजिक प्रभाव का संगम

लखनऊ, एजेंसी। कोका-कोला इंडिया और इसके बॉटलिंग पार्टनर एसएलएमजी बेवरेजेज महा कुंभ 2025 के अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं। यह विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजनों में से एक है, और कंपनी इसे हाइड्रेशन, उपभोक्ता सुविधा, और स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक अवसरों के माध्यम से बेहतर बनाने का लक्ष्य रखती है। कोका-कोला इंडिया का उद्देश्य करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए इस आयोजन को यादगार बनाना है, साथ ही सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव भी उत्पन्न करना। महा कुंभ क्षेत्र में मजबूत रिटेल और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के माध्यम से, कोका-कोला इंडिया और एसएलएमजी बेवरेजेज यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उनके विविध पेय पोर्टफोलियो तक उपभोक्ताओं की पहुंच आसानी से हो।




उपभोक्ता संरक्षण समिति , बीएमए , आईएसटीडी , नोलेज पार्टनर एवम इंजीनियर इंस्टीट्यूट के सौजन्य से उपभोक्ता जागरण, एसएमई, स्टार्टअप प्रदर्शनी का शुभारंभ भोपाल मैनेजमेंट के निर्वाचित अध्यक्ष राजेश तिवारी ने सुबह 12 रिबन खोलकर किया और कार्यक्रम के संयोजक विजय सक्सेना को बधाई दी उन्होंने कह सरकार स्टार्टअप को प्रोहत्सान दे रही है इसका लाभ आज के यूवाओ को लेना चाहिए इसी तरह उपभोक्ताओं को भी जागरूक रहने की अवश्यकता है सुष्म और लघु उधोग स्थापित करने में भी सरकार सुविधा दे रही है उसका लाभ उठाना चाहिए । बीएमए के उपाध्यक्ष एन के छिब्बर ने भी भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला ।

# इंदौर-मनमाड़ रेल प्रोजेक्ट से मप्र में बनेंगे 17 नए स्टेशन, 3 जिलों से होकर गुजरेगी नई रेल लाइन

मध्य प्रदेश की बहुप्रतीक्षित इंदौर-मनमाड़ नई रेल लाइन परियोजना में कार्य शुरू हो चुका है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत इंदौर जिले के महू तहसील के 18 गांव की जमीन अधिग्रहण की जाएगी। रेल मंत्रालय ने नवंबर 2024 में 77 गांवों की जमीन अधिग्रहण का गजट नोटिफिकेशन जारी किया था। इसके बाद 14 जनवरी 2025 को महू तहसील के गांवों की अंतिम सूची जारी की गई।

यह रेल लाइन धार, खरगोन और बड़वानी जैसे आदिवासी बहुल जिलों से होकर गुजरेगी। इन जिलों के 1000 गांव और 30 लाख से अधिक की आबादी को रेल सेवाओं से जोड़ा जाएगा। यह प्रोजेक्ट क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन के निर्माण से इंदौर और मुंबई के बीच की दूरी 830 किमी से घटकर 568 किमी रह जाएगी। इस रेल लाइन पर 16 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें संचालित होंगी, जिनमें हर साल 50 लाख यात्री यात्रा करेंगे। इससे रेलवे को लगभग 900 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व मिलेगा।




एमपी में बनेंगे 17 नए स्टेशन नई रेल लाइन महू से धार होते हुए धरमपुरी, ठीकरी, राजपुर, सेंधवा, सिरपुर, शिखंडी, धुले, मालेगांव होकर मनमाड़ पहुंचेगी। इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन पर कुल 34 रेलवे स्टेशन होंगे। से 30 नए बनेंगे जबकि चार पहले से हैं। मध्यप्रदेश में 17 नए स्टेशन मिलाकर कुल 18 रेलवे स्टेशन होंगे। इंदौर की तरफ से महू के अलावा कैलोद, कमदपुर, झाड़ी बरोदा, सराय तालाब, नीमगढ़, चिक्त्या बड़, ग्यासपुरखेड़ी, कोठड़ा, जरवाह, अजंदी, बघाड़ी, कुसमारी, जुलवानिया, सली कलां, वनिहार, बवादड़ और मालवा स्टेशन महाराष्ट्र बॉर्डर पर बनेगा।

रेल मंत्रालय ने जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इंदौर से लेकर मनमाड़ तक की जमीन के लिए नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि आगामी बजट में इस प्रोजेक्ट के लिए बड़ी राशि का प्रावधान होगा।

## वित्त मंत्री के पिटारे से हेल्थकेयर और फार्मा सेक्टर को मिल सकती है ये सौगात



नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2025 को आम बजट पेश करने जा रही हैं। यह निर्मला सीतारमण का आठवां बजट होगा। वहीं, मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट होगा। इस बजट से हेल्थकेयर और फार्मा सेक्टर को भी काफी उम्मीदें हैं।

आम आदमी चाहता है कि उसे महंगे इलाज से राहत मिले। दवाओं का खर्च कम हो और इंश्योरेंस तक पहुंच आसान हो। वहीं, इंडस्ट्री को टैक्स में कटौती की उम्मीदें हैं। भारत में इस समय एक बड़ा वर्ग इंश्योरेंस से वंचित है। ऐसे में हेल्थ इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस हर नागरिक की पहुंच में हो, इसके लिए बजट में कुछ देखने को मिल सकता है।

एक्सपर्ट्स के अनुसार, सरकार पब्लिक हेल्थ फैसिलिटीज के बजट में इजाफा करे और प्राइवेट सेक्टर को मदद करने के लिए प्रोत्साहन दे, तो आम आदमी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकती हैं। बजट 2025 से यह उम्मीद लगाई जा रही है कि सरकार हेल्थकेयर सर्विसेज पर लगने वाले इनपुट जीएसटी में कटौती करेगी। जानकारों के अनुसार, बीमा कंपनियों द्वारा लिये जाने वाले प्रीमियम में और उनके द्वारा दिये जाने वाले क्लेम के बीच बड़ा अंतर है। इसलिए इस सिस्टम में सुधार की जरूरत है।

बजट 2025 से फार्मा सेक्टर को कई उम्मीदें हैं। भारतीय फार्मा सेक्टर साल 2030 तक 130 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। वहीं, साल 2047 तक यह 450 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, सरकार जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी और आयात शुल्क को खत्म करने का फैसला ले।

## प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर के प्रांगण में डॉ विलास बंशीधर पाटिल द्वारा अवैध अतिक्रमण करने व भूमि सीमांकन को लेकर सौपा ज्ञापन



खरगोन। द्यग्राम पंचायत सेगांव के लोनारा रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदीर परिसर के प्रांगण क्षेत्र में डॉ. विलास बंशीधर पाटील के द्वारा नवीन भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें रजिस्ट्री के अनुसार मकान न बनाकर मंदीर परिसर के सामने की भूमि में 2 से 3 फीट बढाकर निर्माण किया जा रहा हैं एवं मकान के उपर भी गैलरी बनाई जा रही है।

मंदीर के प्रांगण मे वर्षभर कई बड़े आयोजन किये जाते हैं एवं ग्राम की आबादी भी अधिक है नगर के बड़े त्योहार इसी स्थान पर सामुहिक रूप से मनाए जाते है। ऐसी स्थिति में इस प्रकार से अवैध रूप निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसके कारण भविष्य में उक्त मकान के कारण अनेक कठिनाईयाँ आयेगी एवं आये दिन लडाई झगडे की स्थितियों निर्मित होगी।

अतः ज्ञापन के माध्यम से निवेदन हैं कि, वर्तमान में मकान का निर्माण कार्य चल रहा है, उक्त मकान की गैलरी एवं साईज को रजिस्ट्री के अनुरूप निर्माण कराया जावे। ताकि आम जनता को परेशानी से बचाया जा सके। ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत में सरपंच के नाम ज्ञापन सौपकर अवैध निर्माण कार्य तत्काल हटाने की मांग की गई। ग्रामीणों ने बताया कि डॉ विलास पाटिल दादागीरी करते हुए शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिससे आम रास्ता रुक सकता है। इसका सीमांकन कर अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाया जाये।

## कार में से अवैध विस्फोटक सामग्री सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा अवैध विस्फोटक सामग्री के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है इसी तारतम्य में आज दिनांक 21.01.2025 को पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन,अपुअ एवं उपुअ म.सु.शा. के मार्गदर्शन में निरीक्षक आनंद राज थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर दमोह वाय पास सीतावावली रोड पर फोर व्हीलर क्र स्क्ष15 ष्ट5159 में संदेही नीलेश पिता बृन्दावन विश्वकर्मा एवं सतीश पिता भरत विश्वकर्मा दोनो नि रोन कुमरई थाना गढ़ाकोटा के कब्जे से डायनामईट के कुल 600 सेल 03 डोरी के बंडल, 01 ब्लास्ट करने की मशीन, 10 कैफ, 02 बिट, 01 लोहे की राड ड्रिल कुल कीमती 48600/- एवं एक फोर व्हीलर कीमती 200000/- जप्त की गयी।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अगले पांच वर्षों के लिए जारी रखने को कैबिनेट की मंजूरी, एमएसपी पर यह फैसला

मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किए हैं। इसे देखते हुए केंद्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने का फैसला लिया है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अगले पांच वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने विपणन सीजन 2025-26 के लिए कच्चे जूट के एमएसपी को 5,650 रुपये प्रति क्विंटल मंजूर किया है।

मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मिशन ने पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किए हैं। गोयल ने बताया कि 2021 और 2022 के बीच लगभग 12 लाख स्वास्थ्य कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में शामिल हुए और भारत ने इस मिशन के तहत कोविड-19 महामारी से लड़ाई लड़ी।



कैबिनेट ने कच्चे जूट का एमएसपी 6त्न बढ़ाकर 5,650 रुपये प्रति क्विंटल किया

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दे दी, जो पिछले एमएसपी से छह प्रतिशत या 315 रुपये अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी।

मंत्री ने कहा कि नया एमएसपी अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर 66.8 प्रतिशत का लाभ सुनिश्चित करता है और इससे उत्पादकों को लाभ होगा। सरकार ने कच्चे जूट का एमएसपी 2014-15 के 2,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2025-26 विपणन सत्र के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है, जो 2.35 गुना वृद्धि है।

# किसानों के अधिकारों की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ते रहेंगे--जीतू पटवारी

## बिछिया विधानसभा के ग्राम मांद से हुई कांग्रेस के किसान न्याय आंदोलन की शुरुआत

मंडला/अजीत पटेल--किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए और गेंहू का 2700 रूपए प्रति क्विंटल दिलाने को लेकर बिछिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मांद में किसान न्याय आंदोलन का आयोजन किया गया।इस आंदोलन में प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेता जिसमें मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी,नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार,पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव,उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे,विधायक जयवर्धन सिंह,लखन घनघोरिया,संजय उइके, ओमकार सिंह मरकाम,रजनीश सिंह,विक्की पटेल, मधु भगत,पूर्व विधायक संजय यादव सहित प्रदेश भर से नेतागण शामिल हुए।एक तरह से यह आयोजन बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा का शक्ति प्रदर्शन था जो उन्होंने प्रदेश कांग्रेस महासचिव बनने के बाद अपनी विधानसभा में किया।आंदोलन की शुरुआत महात्मा गांधी और डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव 2023 में धान और गेहूं का जो समर्थन मूल्य3100 और 2700 रुपए घोषित किया गया था इस मूल्य के अनुसार किसानों को राशि का भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में किसान न्याय आंदोलन का यह आयोजन किया गया।श्री पट्टा ने सभी अतिथियों का आदिवासी परंपरा अनुसार फूल वीरन माला और साफा कलगी पहनाकर स्वागत किया।स्वागत भाषण में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि भाजपा ने झूठे वादे कर किसानों को गुमराह किया है समर्थन मूल्य बढ़ाने का जो वादा किया था उसे नहीं बढ़ाया गया।इस तरह झूठी सरकार का चेहरा सामने आया है।जिले की प्रभारी किरण अहिरवार ने कहा कि जीतू पटवारी खुद किसान हैं और इसीलिए वे किसानों के दर्द को भली भांति समझते हैं।निवास विधायक चैन सिंह ने कहा कि भाजपा ने सरकार बनाने के लिए किसानों से गेहूं और धान का समर्थन मूल्य बढ़ाने की बात कही थी 14 महीने के बाद धान खरीदी



लगभग समाप्ति पर है लेकिन अब तक धान का समर्थन मूल्य नहीं बढ़ाया गया।जब कांग्रेस की सरकार थी तब खाद 50 किलोग्राम की बोरियों मिलती थी जिसे भाजपा ने घटाते हुए 40- 45 किलोग्राम कर दिया है जिससे किसानों को खाद की मारामारी का सामना करना पड़ रहा है।वारासिवनी विधायक विक्की पटेल ने कहा कि अभी प्रदेश में चुनाव नहीं है इसके बाद भी कांग्रेस पार्टी आदिवासी किसानों की हित के लिए उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए लगातार आंदोलन कर रही है,पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कर्ज माफ किया था जिसे भाजपा ने भी स्वीकारा था।संजय उईके ने कहा कि भाजपा सरकार ने ?3000 प्रति माह महिलाओं को देने की बात कही थी एमएसपी भी बढ़ाने की बात कही थी।रजनीश सिंह ने कहा कि जल जंगल जमीन से आदिवासियों का नाता रहा है कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए काम किया है वहीं भाजपा ने एमएसपी बढ़ाने का जो वादा किया था उसे भी पूरा नहीं किया।लखन घनघोरिया ने कहा कि भाजपा ने घोषणा की थी कि बिजली,खाद के दाम कम किए जाएंगे जिसे पूरा नहीं किया गया।धान,गेहूं के एमएसपी बढ़ाने के वादे से भाजपा की सरकार लगातार भागती रही है।पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो वर्तमान में कृषि मंत्री हैं उन्होंने भी आज तक अपने ही वादे को पूरा नहीं किया है।एक तरफ कहा जा रहा है कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है वही किसान आंदोलन करने के लिए बाध्य हो रहे हैं। कमलनाथ सरकार ने अपने 15 महीने के कार्यकाल में करीब 27995 किसानों का कर्ज माफ किया था जिसमें लगभग 11000 करोड़ की कर्ज माफी राशि शामिल है।उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता संविधान के निर्माता अंबेडकर से चिढ़ते हैं संविधान से चिढ़ते हैं।आरक्षण से चिढ़ते हैं जबकि अंबेडकर जी ने सभी के लिए लड़ाई लड़ी थी।ओमकार सिंह मरकाम ने कहा कि भाजपा सरकार हम पर अत्याचार कर रही है।वर्तमान मुख्यमंत्री,अमित शाह रूपी मदारी के डंडे के इशारे पर नाच रहे हैं।जब भी प्रदेश के किसानों की, आदिवासियों की बातों को विधानसभा में उठाया जाता है तो सीएम सभा छोड़कर चले जाते हैं वे किसानों की बातें नहीं सुनना चाहते,वर्तमान सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते अपने बेटे को नौकरी नहीं दिला पाए।मोदी सरकार ने हर एक नागरिक को 15 लाख रुपए देने का वादा किया था उसे आज तक पूरा नहीं किया गया।सरकार मेढ बंधान के पैसा तक देना बंद कर दी है।नारायण सिंह पट्टा लगातार किसानों आदिवासियों की मांगों के लिए पूरी ताकत से लड़ाई लड़ रहे हैं।इसी तरह राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि एक साल पहले भाजपा सरकार ने कहा था कि धान-गेहूं का3100- 2700 की मूल्य में खरीदी जाएगी।भाजपा सरकार अपने ही बातों से लगातार मुकरती जा रही है,पूरे प्रदेश में किसानों को दिए जाने वाले समर्थन मूल्य को बढ़ाने की सबसे पहले और पुरजोर मांग को जीतू पटवारी ने उठाया है।उन्होंने ने कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि आदिवासी वनवासी हैं जबकि हम कहते हैं कि आदिवासी वनवासी नहीं बल्कि वनों के राजा है।उन्होंने भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली मऊ में होने वाले 27 जनवरी के आयोजन में सभी लोगों से आने की अपील की।उपनेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एक तरफ मंत्री कहते हैं कि खाद की कोई कमी नहीं है तो फिर किसान खाद के लिए लगातार परेशान क्यों है।उन्हें सड़क पर उतरना पड़ रहा है श्री कटारे ने कहा कि एक तरफ सहकारिता मंत्री कहते हैं कि खाद की कमी नहीं है,दूसरी तरफ कृषि मंत्री कहते हैं कि यूक्रेन में युद्ध चल रहा है जिसके कारण खाद का संकट है।इस तरह खाद को लेकर किसानों, आदिवासियों को भटकाया जा रहा है उन्होंने हाल ही में आरटीओ के क्षेत्र में हुए घोटाले के बारे में कहा कि सौरभ शर्मा की फर्जी नियुक्ति आरटीओ में की गई और अब बड़ा भ्रष्टाचार सामने आने के बाद उसे बचाने का प्रयास भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है।अरुण यादव ने कहा कि भाजपा ने संविधान के साथ छेड़छाड़ करने का काम किया है उन्होंने श्री पट्टा को बधाई देते हुए कहा कि श्री पट्टा ने क्षेत्र के आदिवासी किसानों की आवाज को पुरजोर तरीके से उठाने का पूरा सफल प्रयास किया है और उनके आवाज को पूरे प्रदेश में उठाने के काम कांग्रेस द्वारा किया जाएगा।

## विपिन कुमार शर्मा तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ छिंदवाड़ा के ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत



छिंदवाड़ा - तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा छिंदवाड़ा के जिलाध्यक्ष ओ.पी. सोनी, संरक्षक मुकेश खरे की अनुशंसा एंवं प्रांताध्यक्ष अतुल मिश्रा की सहमति से संघ में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये विपिन कुमार शर्मा लेखापाल कार्यालय सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग छिन्दवाड़ा को छिन्दवाड़ा के ब्लाक अध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया है। श्री शर्मा के ब्लाक अध्यक्ष मनोनित होने पर सभी कर्मचारियों एंव अधिकारियों में हर्ष का वातावरण है, और सभी अधिकारी एंव कर्मचारियों ने नव मनोनित अध्यक्ष को बधाई ओर शुभकामनायें प्रेषित की ।

## 4 फरवरी को ब्रम्हकुमारी शिवानी बहन का होगा प्रवचन

**छिंदवाड़ा।** विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक प्रखर प्रवक्ता महामहिम राष्ट्रपति द्वारा भारत के सर्वोच्च नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित विचारक एवं मोटीवेटर ब्रम्हाकुमारी शिवानी बहन का प्रवचन 4 फरवरी मंगलवार को सुबह 6 से 9 बजे तक पोलाग्रऊंड दशहरा मैदान में होगा, जिसमे इन्दौर की क्षेत्रीय निदेशिका हेमलता दीदी, भलाई की संचालिका आशा दीदी, जबलपुर संचालिका भावना दीदी एवं स्थानीय सदस्य उपस्थित रहेंगे। प्रजापति ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा की गनेश बहन ने सभी लोगों से अपील की है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## युवा मोर्चा महापुरूषों की प्रतिमाओं की सफाई कर रहें

**छिंदवाड़ा।** भाजपा नगर युवा मोर्चा द्वारा आगामी गणतंत्र दिवस तक शहीदों के सम्मान में शहीद स्मारक और महापुरुषों की प्रतिमाओं के पास स्वच्छता अभियान चलाएगा नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टू मंडराह ने बताया कि देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले हमारे शहीद जवानों और देश के महापुरुषों अपने देश की अखंडता और प्रभुता के लिए अपना सर्वोच्च न्योछावर कर दिया देश के सच्चे सपूतों को याद करते हुए आगामी 26 जनवरी तक युवा मोर्चा द्वारा कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर रवि मालवी रोहित माहोरे लकी पाल राहुल रसेला कुणाल पाल दिव्यांशु लोखंडे वरुण परतेति यश पैठने जीतू वान्धे द्वारा अभियान की शुरूआत शहीद स्मारक पहुंचकर साफ-सफाई की एवं पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजली दी ।

## एनएसयूआई चलायेगा सदस्यता अभियान

**छिंदवाड़ा।** जिला एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर ने बताया कि एन.एस.यू.आई. द्वारा संपूर्ण जिले में कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री, नकुलनाथ, पूर्व सांसद, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे एवं एन.एस.यू.आई. प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा जिले में सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। इस सदस्यता अभियान के तहत् जिलेभर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानो में सदस्यता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को एन.एस.यू.आई. से जोड़ा जायेगा एवं उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुँचाने का कार्य किया जायेगा और एन.एस.यू.आई. के साथ जोड़ने और कांग्रेस की रीति, नीति और विचारधारा को छात्र-छात्राओं तक पहुँचायेगी। इस हेतु विधानसभावार प्रभारियों की नियुक्ति की गई है जो अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में सदस्यता अभियान की मानिटरिंग करेंगे। जिनमें छिंदवाड़ाप्रभारी समर्थ मैद, सह प्रभारी सत्येन्द्र अहिरवार, अमरवाड़ा प्रभारी संदीप लोधी, सह प्रभारी वेद शाह, चौरई प्रभारी परसराम ठाकुर, सह प्रभारी शिखर लोधी,सह प्रभारी सुधीर नागरे, परासिया प्रभारी आनंद बेलवंशी, सह प्रभारी प्रद्युम्न साहू, जुन्नारदेव प्रभारी लेखराम यदुवंशी, सह प्रभारी एम.डी. खालिद को नियुक्त किया गया है ।

## वार्ड 09 में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ



**अमरवाड़ा।** नगरपालिका के वार्ड 09 में पार्षद एवम् वार्डवासियो की माँग पर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी पार्षद श्रीमती सुरक्षा जैन भाजपा नेता सतीश संतु साहू द्वारा भूमिपूजन कर सड़क निर्माण प्रारंभ कराया गया। मनोज जैन के मकान से सिविल लाइन रोड तिराहा तक सड़क निर्माण कराया जा रहा है । इस अवसर पर उपयंत्री श्रुति शुक्ला सहित वार्डवासी उपस्थित रहे । नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा वार्ड 09 में चौराई रोड पर निर्माणाधीन नाला का निरीक्षण कर गुणवत्तायुक्त निर्माण के निर्देश दिये ।

## श्री हनुमान गढी में पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारा हुआ



अमरवाड़ा। तीन दिवसीय श्री हनुमान गढ़ी राम मंदिर द्वार मैं तीन दिवसीय मंदिर के शिखर में कलशा रोहन श्री मारुति नंदन यज्ञ सहस्त्र अर्चन मंडल पूजन पूर्ण आहुति और विशाल भंडारे संपन्न हुआ जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह से ही हनुमान गढ़ी विविध धार्मिक आयोजन हो रहे थे और कलशा रोहन के साथ सहस्त्र अर्चन पूर्णाहुति विशाल भंडारा सुबह से शाम तक चलता रहा इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने महाप्रसाद को ग्रहण किया और यज्ञशाला की परिक्रमा कर सुख शांति समृद्धि की कामना की इस अवसर पर अमरवाड़ा के प्रतिष्ठित विद्वान भूपेंद्र जी मिश्रा, पंडित अर्चित छिंदवाड़ा, पंडित दिनेश उपाध्याय सिवनी, पंडित कुलदीप मिश्रा, महाराज, पंडित हरि भोला अवस्थी, पंडित ओमप्रकाश मिश्रा, जगदेव मंदिर के भूरी पंडा बाबा पंडित सचिन मिश्रा के द्वारा सभी मांगलिक क्रियाएं विधि विधान के साथ संपन्न कराई जा रही हैं

### ग्रामीण विकास की मासिक समीक्षा बैठक

# मिशन के अंतर्गत गठित समूहों द्वारा संचालित सभी गतिविधियों को शत-प्रतिशत पूरा करें: कलेक्टर



छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सांसद/विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत व अन्य निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), मनरेगा, ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत अभियान आदि की समीक्षा करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, जिला योजना अधिकारी यशवंत वैद्य, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवायें, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, जिला पंचायत की विभिन्न शाखाओं के परियोजना अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### ग्रामीण आजीविका मिशन पर निर्देश

बैठक में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मिशन के अंतर्गत गठित समूहों द्वारा संचालित सभी गतिविधियों को शत-प्रतिशत पूरा किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एनआरएलएम के तहत ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।इस दिशा में, उनके द्वारा जनपद स्तर पर डिलीवरी बॉय और डिलीवरी गर्ल की व्यवस्था करने एवं योजना को 15 फरवरी 2025 तक लागू करने के के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता साथी और वॉश ऑन व्हील सेवा की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने समस्त जनपद पंचायत सीईओ को सप्ताह में 2-3 दिन ग्राम पंचायत स्तर पर निरीक्षण करने और हर महीने 1000 शौचालयों की सफाई का लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिए।

### आवास योजना में देरी पर नाराजगी

आवास योजना की धीमी प्रगति पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए । उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत हर्रई और सहायक यंत्री जनपद पंचायत हर्रई के वेतन रोकने के निर्देश दिए। यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक पीएम जनमन आवास योजना के 60त्न लक्ष्य को पूरा नहीं किया जाता।बैठक में लंबित कार्यों और किस्त जारी न होने की समस्याओं पर चर्चा की गई। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों को आवास निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने और हर सप्ताह इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए।

### मनरेगा कार्यों की समीक्षा

मनरेगा के तहत कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जनपद पंचायतों को निर्देश दिए गए कि वे अपने लेबर बजट लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्टर रोल जारी करें। उन्होने कहा कि सभी ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा एफ.आर.ए. पट्टाधारियों की सूची उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में लेबर नियोजन शून्य पाया जाए, वहां के स्टाफ और उपयंत्री का वेतन काटने के निर्देश भी दिए।

### अन्य योजनाओं की समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0, वाटरशेड विकास घटक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को कार्यों को तेजी से पूरा करने और हर स्तर पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

## आयोध्या के राम मंदिर के एक वर्ष होने पर व्यापारी मंडल ने किया भंडारा



छिंदवाड़ा। आयोध्या में राम मंदिर के एक वर्ष पूर्ण होने पर गांधी गंज व्यापारी मंडल ने भंडारे का आयोजन किया भंडारे के पहले भगवान राम, हनुमानजी, गणेश जी, शंकरजी, एवं लक्ष्मी जी को भोग लगाया और आरती की गई कार्यक्रम में व्यापारी मण्डल की कार्यकारिणी के सदस्य अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष गोपी नाथानी, राजकुमार अग्रवाल ,अनिल अग्रवाल, गोविन्द चौरसिया, नन्दू डोडानी प्रतीक शुक्ला, अजय कुमार जैन, जीनेश अग्रवाल, सौरभ जैन, नीलम चांडक, श्रेयांस चौरसिया एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## दिल्ली प्रचार में छिंदवाड़ा के भाजपा नेता संदीप रघुवंशी पहुंचे



छिंदवाड़ा। भाजपा नेता संदीप रघुवंशी संगठन के आदेश पर दिल्ली में विधानसभा चुनाव में प्रचार हेतु पहुंच गये है। संदीप रघुवंशी ने बताया दिल्ली में भाजपा की लहर है और भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लहर है और दिल्ली में केजरीवाल के भ्रष्टाचार की घर-घर चर्चा है, संदीप रघुवंशी दिल्ली प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व प्रदेश के सहप्रभारी सतीश उपाध्यक्ष के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

## दबंगों ने सैकड़ों हरे भरे आम के पेड़ों की ली बलि

### फलदार वृक्षों को काटकर बनाई जा रही है अवैध कॉलोनी



छिंदवाड़ा। गांगीवाड़ा के पहले मजार के समीप एक किसान द्वारा सालो पहले आम के सैकड़ो पौधे लगाए थे। जिसे सालों तक पाला गया और वह आम के बगीचे के रूप में हरे भरे पेड़ों का एक जंगल रूपी क्षेत्र भी तैयार हो गया। इस स्थान पर किसान ने सैकड़ो पेड़ लगाए, लेकिन फिर उस जमीन का सौदा किसी कॉलोनाइजर से हो गया । कॉलोनाइजर ने किस से उन पेड़ों को जड़ से साफ करने की शर्त रखी कि पहले वो उन हरे भरे पेड़ों की कटाई करें और उस जमीन पर अवैध कॉलोनी डेवलप की जा सके। जिस कारण सालों पहले लगाये गये आम के सैकड़ो हर-भरे पेड़ों को दिनदहाड़े ही काट दिया गया। वर्तमान में उसे जमीन में दिखने वाला आम का बगीचा कटे हुए पेड़ों और उसके टूट के रूप में दिखाई दे रहा है।इस मामले की जानकारी मिलने पर जब मौके पर जाकर देखा गया तो सैकड़ो पेड़ों के टूट और कटे हुए पेड़ दिखाई दे रहे हैं। जिसको लेकर शिकायतकर्ता के द्वारा बाकायदा इस मामले में वन विभाग राजस्व और प्रशासनिक अधिकारियों को भी इस बात की सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद भी ना तो वन विभाग के अधिकारियों ने ईश्वर ध्यान दिया और नहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया।अवैध कॉलोनाइजारो के द्वारा लगातार कॉलोनिया डेवलप की जा रही है। और यह सब प्रशासनिक अधिकारियों की यहां के नीचे चल रहा है लेकिन इसके बाद भी अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। इसके साथ ही जंगल और जंगली जानवर की सुरक्षा करने वाले वन विभाग और राजस्व के अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्य के प्रति कितने सजग हैं इस बात का उदाहरण गांगीवाड़ा के समीप काटे गए सैकड़ो पेड़ों को देखकर लगाया जा सकता है जहां शिकायत किए जाने के बाद भी किसी भी वन विभाग और राजस्व के अधिकारी और कर्मचारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और ना ही जांच करने की सोचा भी।

## हर्रई में प्रस्तावित बांध निर्माण के संबंध में सोशल मीडिया गतिविधियों पर प्रतिबंध

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले की तहसील हर्रई में प्रस्तावित शक्कर पेंच लिंक संयुक्त परियोजना फेज-1 हर्द बांध के निर्माण से संबंधित किसी भी भ्रामक सूचना के सोशल मीडिया पर प्रसार पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किया गया है। यह परियोजना कुकरपानी, सियाझिरी, उमरीखुर्द, माडोपानी, चुरीकला, सालेबरु, झिरपी, खजरपानी, कुण्डाली और देवरी जैसे 10 गांवों को प्रभावित करेगी। सर्वेक्षण कार्य के दौरान कुछ व्यवधान उत्पन्न होने और सोशल मीडिया प्लेटफार्म, वाट्सएप, फेसबुक, ट्वीटर आदि पर भ्रामक सामग्री फैलाने की घटनाओं को देखते हुए कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा की दृष्टि से जनसामान्य की सुरक्षा एवं असामाजिक बाहरी तत्वों पर नियंत्रण रखने तथा जनहित में सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा को नियंत्रित करने के लिये यह कदम उठाया गया है। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू है और बांध निर्माण कार्य के संपन्न होने तक प्रभावी रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## संभागीय विभागीय अधिकारी कर्मचारी बैडमिंटन प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



छिंदवाड़ा। स्कूल शिक्षा विभाग छिंदवाड़ा द्वारा लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के निर्देशानुसार संभागीय विभागीय अधिकारी कर्मचारी बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी श्री गोपाल सिंह बघेल के संरक्षण एवं श्रीमती अलका श्रीवास्तव प्राचार्य शासकीय एमएलबी स्कूल छिंदवाड़ा के संयोजन में जिला ओलंपिक स्टेडियम मैदान छिंदवाड़ा में किया गया ।प्रतियोगिता में सिवनी ,मंडला ,कटनी ,नरसिंहपुर ,बालाघाट सहित छिंदवाड़ा के अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शुभारंभ अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर खेल भावना का परिचय देते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया तथा सभी से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी एवं बैडमिंटन खेलकर शुभारंभ किया । पुरुष वर्ग में छिंदवाड़ा जिला विजेता सिवनी उपविजेता एवं महिला वर्ग में सिवनी विजेता ,छिंदवाड़ा उपविजेता रहा ।छिंदवाड़ा टीम की ओर से खेलते हुए राकेश चौरसिया, संजीव आनदेव, सी के खदीकर ,राजेश पवार ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाई थी। संभागीय दल में राकेश चौरसिया एम एल बी स्कूल अनिल शर्मा सागरपेशा, उर्मिला उपाध्याय चंदनगांव रेखा माटे,कल्याणी पवार सरोरा स्कूल का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भोपाल हेतु किया गया। संभागीय प्रतियोगिता में जीत हासिल करने एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित छिंदवाड़ा जिले के विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल ,संयोजक प्राचार्य श्रीमती अलका श्रीवास्तव एम एल बी स्कूल सुधीर मिश्रा, प्रताप ईवनाती प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी, आशा लता माहुले सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दी।

## वृद्ध आश्रम की बुजुर्ग महिलाओं को किया कंबल वितरण



परासिया। ग्राम पंचायत भामोड़ी वृद्ध आश्रम में अंसार सिद्दीकी मित्र मंडली द्वारा पहुंचकर वहां पर रह रहे बुजुर्ग महिलाएं बहनों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना अलग-अलग जगह से रह रही माता ने अपनी आपबीती बताई सुनकर काफी दुख हुआ एवं भाजपा नेता सिद्दीकी ने बताया वृद्ध आश्रम की माता जो संपन्न परिवार की माताएं आज परिवार होते हुए भी आश्रम में अपना जीवन यापन कर रही हैं सभी के बच्चे संपन्न हैं लेकिन विधि का विधान पारिवारिक कलह एवं बच्चों में संस्कार की कमी आज की जो पीढ़ी है उनको इसे कोई चिंता नहीं कि समाज हमें क्या कहेगा बस अपने परिवार में मगन है माता-पिता जिन्होंने जन्म दिया उससे उन्हें कोई मतलब नहीं अंसार सिद्दीकी मित्र मंडली द्वारा ठंड के इस मौसम में उनके रूम में देखा गया काफी व्यवस्था है खाना वगैरा भी उन्हें टाइम से मिलता है तब उनकी टीम ने विचार किया कि इन्हें इस ठंड के मौसम में कंबल प्रदान किया जाए तुरंत कंबल की व्यवस्था कर सभी को कंबल प्रदान किया गया

## जिला पंचायत की संचार तथा संकर्म स्थायी समिति की बैठक 28 को

छिन्दवाड़ा। जिला पंचायत की संचार तथा संकर्म स्थायी समिति के सचिव एवं कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवायें ने बताया कि 28 जनवरी मंगलवार को दोपहर 02:00 बजे से जिला पंचायत छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में जिला पंचायत की संचार तथा संकर्म स्थायी समिति की बैठक का आयोजन किया गया है । बैठक में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने समिति के सभापति और सदस्यों से इस बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है ।

## जो मेरे पास आया मेरा होकर रह गया: वीरेन्द्र सतीजा

### सतीजा ग्रुप का अवार्ड सेरेमनी प्रोग्राम संपन्न



छिंदवाड़ा। सतीजा ग्रुप का अवार्ड सेरेमनी प्रोग्राम संपन्न हुआ शहर का प्रतिष्ठित ग्रुप जो शहर में अपनी अलग पहचान रखता है कल पारिवारिक माहौल में अवार्ड सेरेमनी मनाई गई जिसमें सतीजा मोटर के मैनेजिंग डायरेक्टर और फाउंडर वीरेंद्र सतीजा ने बताया कि मेरे पास जो भी कर्मचारी आता है वह फिर यही का होकर रह जाता है क्योंकि मेरे यहां काम करने वाले प्रत्येक सदस्य को पारिवारिक माहौल के साथ-साथ अलग-अलग प्लेटफार्म में काम करने का अवसर मिलता है यहां कार्यरत कर्मचारी 33वर्षो से लगातार सेवाएं दे रहे हैं यही मिशाल है इस ग्रुप की पूरी तरह पारिवारिक माहौल में आयोजित कार्यक्रम में नए कर्मचारियों के लिए सीखने का और जज्बे को दिखाने का प्लेटफॉर्म है यहां के पारिवारिक माहौल में अपने हुनर को दिखाने का जलवा ही कुछ और है

ट्रैक्टर इंडस्ट्री में इस डीलरशिप का अलग ही मुकाम है नवंबर माह में 400 ट्रैक्टरों के साथ देश की नंबर वन डीलरशिप निकिश सतीजा के मार्गदर्शन में उपलब्धि हासिल की शहर की ऐसी पहली कंपनी है इसके कर्मचारियों को फॉरेन ट्रिप से हर साल नवाजा जाता है जिसकी तारीफ हर परिवार करता है इस गरिमा में उपस्थिति में महिंद्रा ट्रैक्टर के जोनल है रमेश राठौड़ एरिया मैनेजर हितेश सातपुते टेरिटरी मैनेजर प्रद्युम्न त्रिपाठी उपस्थित रहे । इस ग्रुप में हाल ही में सर्विस में भी एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है जो की एक बड़ी मिसाल है सर्विस जोनल हेड जावेद स्टेट हैड संजय और टेरिटरी मैनेजर मयंक मिश्रा इस अवार्ड सेरेमनी के साक्षी बनें।

### ट्रैक्टर खरीदो एक बार ईनाम पाओ पांच बार

ट्रैक्टर खरीदो एक बार ईनाम पाओ पांच बार, छिंदवाड़ा महिंद्रा ट्रैक्टर्स खरीदने वाले के लिए डीलर सतीजा मोटर्स में उपहारों की बौछार की है सतीजा मोटर्स में हर सौ ट्रैक्टर की बिक्री पर लकी ड्रॉ निकला जाएगा कुल पांच बार लकी ड्रॉ निकले जाएंगे आज चंदनगाव स्तिथ सतीजा

मोटर्स के शोरूम में ग्राहकों और कंपनी के अधिकारियों



की उपस्थिति में लकी ड्रॉ निकाला गया सतीजा मोटर्स के मैनेजर शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि निकले गए लकी ड्रॉ में जिले के विभिन्न तहसीलों के ग्राहकों को मोटर साइकिल से लेकर फ्रिज एल ई डी टीवी से लेकर मोबाइल मिक्सर प्रदान किए गए उक्त पुरस्कार कंपनी के अधिकारी के हस्ते प्रदान किये गये जोनल हेड श्री रमेश राठौर जिन भाग्यशाली ग्राहकों को लकी ड्रॉ में मोटर साइकिल मिली है उनमें बारहबिरयारी के कन्हैया उईके , भंडारगोनंदी के हर्षद ठाकरे , रोहानाकला के यजुवेंद्र महिलझिर के किशनलाल अहिरवार रीधौरामाला के अतुल पावर का समावेश है इसी तरह दर्जनों ग्राहकों को लकी ड्रॉ के माध्यम से गैस ,एल ई डी टीवी, मोबाइल की सौगात मिली

## पूर्व मंत्री मोहोड़ की पहल पर सौंसर नगर पालिका को मिली 12 करोड़ की सौगात



सौंसर। बीते दिवस पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद्र डागा, नपा उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे सहित पार्षदों के एक दल ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, नगरीय प्रशासन विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भेट कर अमृत 2.0 अंतर्गत पेयजल विस्तारीकरण के तहत 12 करोड़ का प्रपोजल सौंप कर स्वीकृति की मांग की थी। जैसे मुख्यमंत्री डॉ यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने स्वीकृत कर जनता को 24 घंटे पेयजल उपलब्ध कराने की योजना को स्वीकृत कर शहर की जनता को ऐतिहासिक सौगात दी है। नगराध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पूरी परिषद मुख्यमंत्री मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड की हृदय से आभारी है।

## चांदामेटा, न्यूटन चिखली व बड़कुही शहर की कार्यकारिणी घोषित

### विभिन्न पदों पर की गई नियुक्तियां

**छिन्दवाड़ा–** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ जी के निर्देशानुसार चांदामेटा शहर, न्यूटन चिखली व बड़कुही की कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें संगठन से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी सौंपी है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, परासिया विधानसभा प्रभारी राजीव तिवारी, परासिया विधायक सोहन वाल्मीक, पर्यवेक्षकसुभाष गुलबांके व ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय की सहमति उपरांत शहर कांग्रेस चांदामेटा व शहर कांग्रेस न्यूटन चिखली व शहर बड़कुही की कार्यकारिणी घोषित की गई है।

**शहर कांग्रेस कमेटी चांदामेटा:** शहर कांग्रेस कमेटी चांदामेटा में अध्यक्ष सुशील जायसवाल व कार्यकारी अध्यक्ष अमजद खान व युगल किशोर विश्वकर्मा मनोनीत किए गए। शेख खालिक को समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश भावरकर, राजू पटेल, इस्माईल लाला, राजेन्द्र रैदास, विकास ठाकरे व मुकेश अनारिया नियुक्त किए गए।

उपाध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर, सुभाष नर्रे, संतोष गजभिये, अब्दुल जब्बार व संतोष डेहरिया मनोनीत किए गए।

**महामंत्री–** तौसिफ सिद्दीकी, गिरीश सोनी, बलराम सरेयाम, मो. जाफर, धीरज ताम्रकार व रमेश मालवी नियुक्त किए गए।

**सचिव–** विनोद मालवी, सलमान खान, तरूण मिश्रा, संजयकांत वर्मा, फिरोज खान, सलमान खान व दिनेश वस्त्राणे को जिम्मेदारी सौंपी है।

**सहसचिव–** मो. जाकिर, पवन बावरिया , अनिल अहिरवार, शेख युसुफ, अजय राय व विवेक चौरसिया को सहसचिव मनोनीत किया गया है।

**कोषाध्यक्ष–** दीपक ठाकुर, रज्जू ठाकुर, नौशाद खान व संतू विश्वकर्मा मनोनीत किए गए हैं। प्रचार मंत्री पद पर विरेन्द्र नाग, उस्मान अली, कैलाश मालवी व संतवली प्रजापति को नियुक्त किया गया है।मीडिया प्रभारी सुमित उमरे, सगीर खान, बिट्?टू डेहरिया व चन्द्रशेखर नर्रे मनोनीत किए गए हैं।प्रवक्ता सादिक मंसूरी, मनोज जैन व राजकुमार मोहबे मनोनीत किए गए हैं।

**शहर कांग्रेस कमेटी न्यूटन चिखली–** शहर कांग्रेस कमेटी न्यूटन चिखली में अध्यक्ष राजेश डेहरिया व कार्यकारी अध्यक्ष राकेश सरयाम एवं इमरान खान नियुक्त किए गए हैं। समन्वयक पद की जिम्मेदारी कृष्ण कुमार वर्मा मनोनीत किए गए।

**उपाध्यक्ष–** महेन्द्र यादव, अनिल मरकाम, सुरेश जावरकर, अतीक कश्यप, सुभाष राठौर व जितेन्द्र राय को उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं।

**सचिव–** बनवारी राय, ओमप्रकाश डेहरिया व मनोज मरकाम नियुक्त किए गए हैं। सहसचिव अजय गढ़ेवाल, राकेश राय, मोहन अग्रवाल,शाहिदवेग व इरफान खान को सह सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

**सहसचिव–** अमित पुरोहित, शेख उबैद, दिवाकर जैसल, पवन मसराम व अर्जुन उइके को महासचिव नियुक्त किया गया है।

**संगठन मंत्री–** नीरज बरमैया, रितिक डेहरिया, सूर्यकांत साहू व ओमप्रकाश शुक्रा को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रचार मंत्री रमेश चौहान, प्रवक्ता रूस्तम खान व राजू राय नियुक्त किए गए। कोषाध्यक्ष मिलन बोरकर नियुक्त किए गए।

**कार्यकारिणी सदस्य–** संदीप यदुवंशी, युसूफ अंसारी, जॉनीसार अख्तर, सुरेन्द्र गौतम, प्रकाश गुप्ता, राकेश पहाड़े, ललित डेहरिया, कन्हैया नायक, रमेश साहू व शंकर यादव मनोनीत किए गए हैं साथ ही अभिप्रेरक एवं प्रेरणा स्त्रोत में बारह लोगों के नाम सम्मिलित है।

**बड़कुही शहर कांग्रेस कमेटी–** शहर कांग्रेस कमेटी बड़कुही की घोषित कार्यकारिणी में अध्यक्ष निसार अहमद व कार्यकारी अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह सिकरवार व विनायक राव काले मनोनीत किए गए हैं। समन्वयक पद की जिम्मेदारी अनिल शर्मा व संजय राय को सौंपी है।

## खिरसाडोह आनंद उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम



**परासिया।** खिरसाडोह ग्राम पंचायत में दिन बुधवार को शासन के निर्देश अनुसार आनंद उत्सव का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल जैसे ऑक्टोपस दौड़, बोरा दौड़, जलेबी दौड़, खो खो, मेंढक दौड़, कबड्डी, सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खिरसाडोह,सोना पिपरी, खमराजेठू, हर्रई, के ग्रामीण एवं स्कूल के बच्चों ने खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया जिसमें इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुनील अहाके एवं ग्राम पंचायत खमरा जेठू सरपंच प्रकाश नवरेती घनश्याम मिश्रा,उप सरपंच सुशील डोलानी , पंच सुनीता कुमरे, जयनाथ मार्फे, उप यंत्री श्वेता धीमान, शिक्षक कमलेश सोनी, सचिव विजय सिंधिया, प्रमोद शिवहरे,सहायक सचिव नवीन डेहरिया, दुर्गेश इवनाती शिक्षक शिक्षिकाएं व बच्चों के साथ माता पिता एवं समस्त ग्रामीण की उपस्थिति रही



मध्यप्रदेश के लाड़ले नेता और
जनता के प्रिय नेता प्रतिपक्ष, मध्यप्रदेश
एवं गंधवानी से कांग्रेस विधायक
उमंग सिंघार जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं ।।
गौरव सिंह चौहान
प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी
मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस




लोक निर्माण से लोक कल्याण
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
23 जनवरी, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे
गायत्री मंदिर, एमपी नगर, भोपाल
जीजी एलिवेटेड कॉरिडोर का
लोकार्पण
अधोसंरचना विकास को गति
गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर तक (जीजी फ्लाईओवर) से सुगम आवागमन की सुविधा
153 करोड़ रुपये से अधिक लागत एवं 3 किमी लंबे इस कॉरिडोर से औबेदुल्लागंज, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, जबलपुर मार्ग पर जाने वाला यातायात होगा सुगम
प्रदेश के अन्य बड़े शहरों इंदौर, देवास, ग्वालियर, जबलपुर एवं सतना में भी हो रहा है एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण
D-11163/24
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025